श्री भागी रामः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदया को बताना चाहता हूं कि सिरसा जिले में ऐलनाबाद कांस्टिचुऐंसी के अंदर ऐलनाबाद और रतिया दो कस्बे पड़ते है लेकिन इन दोनों कस्बों में अभी तक न तो कोई लड़को का कालेज है और न ही कोई लड़कियों का कालेज है। अभी मंत्री महोदया ने अगली पंचवर्शीय योजना में कालेज खोलने की बात कही है। इसलिये मैं मंत्री महोदया से जानना चाहता हूं कि क्या वहां पर भी कोई कालेज खोलने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।

श्रीमती सुशमा स्वराजः बिल्कुल विचाराधीन है। मैंने कहा है कि आठवीं पंचवर्शीय योजना के अंदर हमने 23 नए कालेजिज खोलने का प्रस्ताव रखा है, उस समय ऐलनाबाद में भी खोलने का प्रस्ताव हमारे विचाराधीन है।

डा0 बृज मोहनः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदया से पूछना चाहूंगा कि पलवल में जो सरस्वती गर्ल्ज कालेज है उसको

जो ग्रांट सरकार की तरफ से जानी है, वह जायेगी या नहीं? अगर जायेगी तो कब तक चली जायेगी?

श्रीमती सुशमा स्वराजः अध्यक्ष जी, यह केस अभी अंडर कंसिड्रे ान है क्योंकि जिस समय इस कालेज ने हमसे एन0ओ0सी0 लिया था उस समय उसे एन0ओ0सी0 इसी भार्त पर दिया गया था कि वह पांच वर्श तक कोई ग्रांट न मांगे लेकिन फिर भी सरकार उसको ग्रांट देने पर विचार कर रही है।

श्री भगवान सहाय रावतः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदया की जानकारी में लाना चाहूंगा कि जिला फरीदाबाद में एक भी ओ0टी0, बी0एड0 डिप्लोमा इन ऐजूके ान की क्लासिज या ट्रैनिंग कोर्सिज नहीं है। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या वहां पर डाइट स्कीम के अतिरिक्त और जिलों की भांति ओ0टी0, जे0बी0टी0 आदि के ट्रेनिंग कोर्सिज खोलने का विचार किया जायेगा?

श्रीमती सुशमा स्वराजः अध्यक्ष जी, इस समय मेवात क्षेत्र के फिरोजपुर नमक को छोड़कर कहीं भी कोई जे0बी0टी0 और ओ0टी0 का कोर्स नहीं चल रहा है। जैसा इन्होंने डाइट स्कीम के बारे में कहा, इस बारे में मैं इन्हें बताना चाहूंगी कि डाइट स्कीम के तहत हम 12 के 12 जिलों में ओ0टी0 और जे0बी0टी0 प्र ि ाक्षण केंद्र न खोला जाये।

श्री जय सिंह राणाः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदया से जानना चाहूंगा कि आठवीं पंचवर्शीय योजना में जो 23 नए कालेज खोले जाएंगे, उस समय करनाल में भी कोई कालेज खोला जायेगा?

श्रीमती सुशमा स्वराजः अध्यक्ष जी, 23 नए कालेजों के खोलने के संबंध में हमने हरेक जिले का ध्यान रखा है। करनाल जिला भी हरियाणा प्रांत का ही एक जिला है इसलिए उसका भी प्रस्ताव विचाराधीन है।

श्री हीरा नंद आर्यः अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदया ने आज भी आ वासन दिया है कि डाइट स्कीम के तहत ओ0टी0 और जे0बी0टी0 ट्रेनिंग सैंटर खुल रहे है। इस बारे में दो साल से हाउस में लगातार आ वासन दिए जा रहे है कि ये सैंटर खुल रहे है लेकिन अभी तक कहीं पर भी नहीं खोले गए है। अब मैं इन से यह जानना चाहता हूं कि ये ट्रेनिंग सैंटर खुल रहे है या नहीं। अगर खुल रहे है तो कब तक खोल देंगे?

श्रीमती सुशमा स्वराजः अध्यक्ष जी, इस बारे में मैं स्थिति बिल्कुल स्पश्ट कर देती हूं। इस बार आठ ट्रेनिंग सैंटरों को ऐडमि ान नोटिस में तो तुरन्त जारी होने वाला है क्योंकि आठ स्थानों के लिये हमें भारत सरकार अपनी अनुमति दे चुकी है। तीन स्थानों पर हरियाणा सरकार द्वारा ये सैंटर खोले जा रहे है। ये है बीसवां मील, सोनीपत, गुड़गांव और भिवानी जिले में

लोहारू। ये जो सैंटर हम खोलने जा रहे है उनके तो तुरन्त ऐडमि ान नोटिस होने जा रहे है। इसमें देरी महज इस वजह से हुई कि हम यह चाहते थे कि हर जिले के बच्चों को जरूर जे0बी0टी0 में प्र ि ाक्षण मिलें। हम यह चाह रहे थे कि इक्ट्ठा ऐडमि ान नोटिस जारी करें इनके लिये सैंट्रल गवर्नमैंट से ग्रांट आनी है। आठ सैंटर की तो हमें अनुमति मिल गई थी। हम चाहते थे कि आठौं ये और तीन जो राज्य सरकार खोलने जा रही है, यानि इन 11 ट्रेनिंग सैंटरों का ऐडमि ान नोटिस इक्ट्ठा निकालें लेकिन उनकी तरफ से थोड़ी डिले हो रही है। बल्कि अब हमने इस देरी को कट करने के लिए यह सोचा कि पांच का तो ऐडमि ान नोटिस अभी जारी कर दें और बाकी 6 का कुछ दिनों के बाद। 5 का ऐडमि ान नोटिस अब हम पहले इसलिए कर रहे है कि सैंटर ने अपने 8 सैंटरों में से 2 के पैसे हमारे पास भेज दिए है और तीन राज्य सरकार द्वारा खोले जा रहे है। इसलिए यही निर्णय लिया गया कि देरी को कम करने के लिये इन 5 स्थानों का ऐडमि ान नोटिस अभी जारी कर दें, बाकी का बाद में। ये सभी सैंटर खुलने जा रहे है। मैं सदस्यों को बताना चाहूंगी कि कोई गलत आ वासन सदन में हमारी ओर से नहीं दिए जाते है।

श्री दुर्गा दत्त अत्रीः स्पीकर सर, पिछली बार के सै ान में इक्क्स में डाइट के तहत स्कूल खोलने का आ वासन दिया गया था लेकिन अभी तक इस बारे कोई कार्यवाही नहीं की गई।

मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदया से यह जानना चाहता हूं कि क्या वहां पर डाइट स्कीम के तहत स्कूल खोला जायेगा या यह आ वासन ही रहेगा?

श्रीमती सुशमा स्वराजः अध्यक्ष जी, पहले सवाल के जवाब में भी मैंने बताया था कि दो सैंटरों का पैसा सैंटर गवर्नमैंट से आ चुका है लेकिन 6 स्वीकृत सैंटरों का पैसा अभी आना भोश है। डाइट स्कीम के तहत 8 सैंटर स्वीकृत हुए है जिनमें से 6 का पैसा हमें मिलना है। ज्यों ही बाकी के 6 सैंटरों का पैसा सैंट्रल गवर्नमैंट की ओर से प्राप्त होगा इक्कस में सैंटर खोल दिया जाएगा।

श्री कांति प्रका ा भल्लाः अध्यक्ष महोदय, हरियाणा में कुछ प्राईवेट स्कूल और हाई स्कूल ऐसे चल रहे है जो रिकोग्नाइज्ड है लेकिन उनकी मैनेजमैंट ठीक ढंग से काम नहीं कर रही है। ऐसा ही एक प्राईवेट स्कूल कालका में हिंदू हाई स्कूल के नाम से चल रहा है जहां काफी मिस–मैनेजमैंट है। मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि क्या इस प्रकार के सिक प्राईवेट स्कूलों को सरकार अपने हाथ में लेने के बारे कोई विचार कर रही है?

श्रीमती सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, हालांकि इस सप्लीमैंटरी सवाल का मुख्य सवाल से कोई संबंध नहीं है फिर भी

यदि आपकी अनुमति हो तो मैं इनके सवाल का जवाब देना चाहूंगी।

श्री अध्यक्षः आपको तो अनुमति ही है क्योंकि आपको सब कुछ आता है और आप हर सप्लीमैंटरी का जवाब दे सकती है।

श्रीमती सुशमा स्वराजः अध्यक्ष जी, धन्यवाद। मैं आपकी अनुमति से इनको यह जवाब देना चाहूंगी कि इस तरह के कई स्कूल्ज इस समय हरियाणा में है जहां से मैनेजमैंट के बारे में ि ाकायत आई है कि वे अध्यापकों का भाोशण करते है। उसके लिए जिस कानून की यह बात कर रहे है वह कानून आलरेडी इस असैम्बली से पास हो चुका है। जिस तरह कालेज टेक ओवर करके वेतन देने के लिए ऐडमिनिस्ट्रेटर बिठा देते है उसी तरह से स्कूलों के अधिकार भी हम अपने हाथ में लेना चाहते है। यह बिल यहां से पास हो कर प्रैजिडैं ि ायल असैंट के लिए गया हुआ है। अभी तक राश्ट्रपति महोदय की स्वीकृति नहीं आई। जैसे ही उस पर राश्ट्रपति महोदय की मंजूरी आ जाएगी इस कानून के तहत इस प्रकार के सिक स्कूलों को हम टेकओवर कर लिया करेंगे।

श्री भागी रामः अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदया ने सिरसा जिले में मिट्ठी सुरेंरां और ओढां में जे.बी.टी. सैंटर्ज खोलने का फैसला किया है उसके लिए मैं मंत्री जी का धन्यवादी हूं। सिरसा

जिलें के जे.बी.टी. टीचर्ज नहीं है। जो टीचर्ज वहां पर है वे जिला रोहतक या सोनीपत से है जो कि वापिस अपने जिलों में आना चाहते है। मैं मंत्री महोदया से यह जानना चाहूंगा कि इन दो जे.बी.टी. सैंटर्ज के लिए क्या कोई ऐसा प्रावधान रखेंगी जिससे सिरसा जिलें के लड़के ही उनमें दाखिला ले सकें और ट्रेनिंग के बाद वे सिरसा जिले में ही मास्टर लगें ताकि सोनीपत और रोहतक जिलों के लोग अपने घरों के नजदीक आ सकें?

श्रीमती सुशमा स्वराजः अध्यक्ष जी हम ऐसा चाहते तो है परन्तु ऐसा कानूनी प्रावधान नहीं कर सकते। इसलिए हमने यह कहा है कि इकट्ठा ऐडमि ान नोटिस निकाला जाए। एक ही समय पर इंटरव्यू रखेंगे ताकि सिरसा जिलें के बच्चे ही वहां पर एडमि ान ले सकें और दूसरे जिलों के बच्चे अपने जिलों में एडमि ान ले और सिरसा न आ सकें। कानूनी रिजर्वे ान हमने फिरोजपुर नमक में कर के देखा था लेकिन वह कोर्ट से स्ट्रक डाउन हो गया।

श्री जगन नाथः अध्यक्ष महोदय, आपने कहा है कि इन्होंने इस महकमें की पी.एच.डी. कर रखी है। मोस्टली हरियाणा के स्कूलों में ड्राईंग, साईंस, मैथेमैटिक्स, संस्कृत के टीचर की कमी है। मैं मंत्री महोदया से यह जानना चाहता हूं कि इन विशयों के टीचर्ज की कमी कब तक पूरी हो जाएगी?

श्रीमती सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, जहां तक सब्जैक्टस के टीचर्ज की कमी का सवाल है, मैंने कल भी बताया था कि एस.एस.एस. बोर्ड से कैंडीडेट्स की लिस्ट हमारे पास आई गई है रजिसमें मैथेमैटिक्स टीचर्ज, साईंस टीचर्ज और एस.एस. टीचर्ज भी है। पदों को भरने में करैक्टर वैरिफिके ान और मैडिकल वैरिफिके ान में थोड़ा समय लगता है लेकिन पदों को जल्दी भरने के लिए हमने चीफ सैक्रेटरी से इस में एग्जम्प ान के लिए केस चला दिया है ताकि इन ऐंटिसिपे ान आफ दैट हम इन पदों को भर दें। इन टीचर्ज के लग जाने से टीचर्ज की जो कमी है वह भीघ्र ही दूर हो जाएगी।

श्री हीरा नंद आर्यः अध्यक्ष महोदय, इन्होंने बताया कि जे.बी.टी. के कई केंद्र खोल रहे है। ि ाक्षा के क्षेत्र में सिरसा, लोहारू और मेवात आदि एरिया पिछड़े है। मैं मंत्री महोदया से यह जानना चाहूंगा कि एरियावाईज जितनी पोस्टस वेकैंट है क्या वहां के उतने ही लड़को को मैरिट के आधार पर दाखिला देंगे ताकि यह इम्बैलैंस भी दूर हो सकें?

श्रीमती सुशमा स्वराजः अध्यक्ष जी, इस पर विचार ही नहीं बल्कि फिरोजपुर नमक में इस पर अमल भी किया गया लेकिन हाईकोर्ट ने उसको असंवैधानिक करार दे कर उसको स्ट्रक डाउन कर दिया कि आप एरियावाईज ऐडमि ान रिस्ट्रिक्ट नहीं कर सकते। उसी का दूसरा तरीका हमने निकाला है। हम इंतजार कर रहे है ताकि 11 के 11 स्कूलों में हम ऐडमि ान

नोटिस इक्ट्ठा निकालें, एक ही दिन इंटरव्यू रखें ताकि परोक्ष रूप से हम उस चीज को रिस्ट्रिक्ट कर सकें जो कि प्रत्यक्ष रूप में हम नहीं कर पा रहे है। अगर हम एरिया की रिस्ट्रिक ान लगाते है तो वह हाईकोर्ट से अनकांस्टिच्यू ानल हो जाता है।

चौधरी कुलबीर सिंह मलिकः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदया से जानना चाहूंगा कि हिस्टरी के लैक्चरार जिनको एस.एस.एस. बोर्ड द्वारा सिलैक्ट किया हुआ है और ग्यारह महीने सिलैक ान हुए हो गए है, केवल एक महीने तक वह लिस्ट वैलिड रह सकेगी, उनको लगाने के बारे में सरकार क्या कुछ नहीं कर रही है? इसी प्रकार से पी.टी.आई. है, वे भी एस.एस.एस. बोर्ड द्वारा रिकमैंड किये हुए है, उन्हें भी कब तक लगा दिया जायेगा?

श्रीमती सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, जो बात मैंन मैथ मास्टर्ज और एस0एस0 मास्टर्ज के बारे में बतायी है वही हिस्टरी लैक्चरर और पी0टी0आई0ज0 के बारे में है। जिस बात के बारे में माननीय उपाध्यक्ष महोदय कह रहे है उसके बारे में दिक्कत यह है कि हमारे ि ाक्षा विभाग की ओर से जितनी रिक्वीजि ान भेजी जाती है, उससे ओवर एंड अबव एस0एस0एस0 बोर्ड सिलैक ान करके भेज देता है। जितनी हमने पी0टी0 आई0ज0 की रिक्वीजि ान भेजी थी उतनी पोस्टस भर ली गई है। उपाध्यक्ष महोदय, जिन बच्चों की बात कर रहें है वे रिक्वीजि ान से ओवर एंड अबव सिलैक्ट करके भेजे हुए है। उनके लिए जब तक हमारे

पास एफ0डी0 से पोस्टस सैक ान नहीं होती है तब तक उनको हम नहीं लगा सकते है।

चौधरी सतबीर सिह कादयानः अध्यक्ष महोदय मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदया से जानना चाहूंगा कि जिन प्राईवेट स्कूलों में गवर्नमैंट से ज्यादा फीस ली जाती है और बच्चों का भाोशण किया जाता है ऐसे स्कूलों के खिलाफ क्या कुछ ऐक ान लिया जा रहा है?

श्रीमती सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, बकायदा ि ाक्षा विभाग द्वारा उन स्कूलों का औडिट किया जाता है। लेकिन अभी मैंने कांति प्रका ा भल्ला जी के सवाल के जवाब में बताया था कि हमारे पास ऐसी ि ाकायतें स्कूलों के बारे में आ रही है। अगर हम ऐसे स्कूलों को टेक–ओवर करें तो हमारे अभी हाथ बंधे हुए है क्योंकि अभी इस बिल की हमें राश्ट्रपति से स्वीकृति नहीं मिली है। जैसे ही राश्ट्रपति से स्वीकृति हो कर वह बिल आ जायेगा तो हम ऐसे स्कूलों को टेक ओवर कर सकते है।

श्री भगवान सहाय रावतः अध्यक्ष महोदय, ि ाक्षा के लिए स्टाफ, बिल्डिंग और सब्जैक्ट अनिवार्य है। क्या बिल्डिंग्ज के बारे में हरियाणा में सर्वे करवाया गया कि जिन की हालत खस्ता है, उनकी मुरम्मत करायी जाये। एक तरफ भाहरों में बहुत ज्यादा भीड़ है और मेवात जैसे पिछड़े इलाके खाली पड़े है वहां ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसलिये ि ाक्षा को सुचारू और

सुव्यवस्थित रूप से चलाने के लिए कोई पालिसी निर्धारित करेंगे ताकि सभी जगहों पर बिल्डिंग ठीक हो सकें?

श्रीमती सुशमा स्वराजः बिल्कुल इसी पालिसी को निर्धारित कर रहे है क्योंकि यह हमारे यहां एक अहम मसला है। हमारे यहां ि ाक्षा विभाग में बिल्डिंगों की बहुत खस्ता हालत है। इस तरह का हमने सर्वे भी करवाया है। मैंने पिछली बार भी सदन में बताया था कि बिल्डिंग रूल्ज में सं ाोधन कर दिया है। पहले एक छोटी सी भी मुरम्मत हैडमास्टर नहीं करवा सकता था क्योंकि उसे बहुत कम पैसे खर्च करने का अधिकार था। पहले 70 परसैंट बिल्डिंग फंडज का पैसा डायरेक्टोरेट को आता था लेकिन अब वह पैसा वहीं रहेगा। उसको खर्च करने का अधिकार हैडमास्टर को होगा ताकि वह छोटी मोटी मुरमत उसी समय करवा सके। इसके अलावा हमने यह भी चेंज कर दिया है कि पचास हजार रूपये तक के काम को करवाने के लिये उसे पी0डब्ल्यू0डी0 बुक्स में बिल्डिंग देने की जरूरत नहीं है। लोकल लैवल पर कमेटी गठित करके हैडमास्टर उस काम को करा सकता है। इन सारे पगों के साथ बिल्डिंगों की हालत सुधरेगी। इसके अलावा एक बिल्डिंग रिव्यू कमेटी भी बनी हुई है जिसमें हमने कुछ बिल्डिंग्ज आइडेंटीफायी की है जिनकी पी0डब्ल्यू0डी0 के माध्यम से मरम्मत करवा रहे है। मैं सदन को आ वासन देना चाहती हूं कि ि ाक्षा विभाग का इस तरफ ध्यान है और ि ाक्षा विभाग के लिये यह अहम मसला है जिसका समाधान किया जा रहा है।

श्री ि िव प्रसादः स्पीकर साहब, अम्बाला छावनी और अम्बाला भाहर में कोई भी लड़कियों का गवर्नमैंट कालेज नहीं है। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या गवर्नमैंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल की जो काफी बड़ी बिल्डिंग है उसमें आने वाले वर्श से गवर्नमैंट गर्ल्ज कालेज चालू करने पर विचार करेगी?

श्रीमती सुशमा स्वराजः मास्टर जी, जब ि ाक्षा मंत्री अम्बाला की है तो आप सीनियर सैकेंडरी स्कूल की बिल्डिंग में कालेज खोलने की मांग क्यों कर रहे है? आप अम्बाला में अलग से कालेज खोलने की मांग क्यों नहीं कर रहे ? अलग से 23 कालेजिज खोलने का प्रस्ताव पर जब विचार करेंगे तो अम्बाला में भी कालेज खोलने पर विचार करेंगें।

Dispensary in Nissing Block

***954. Shri Risal Singh:** Will the Minister for Health be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to open a dispensary in Nissing Block of Jundla Constituency, District, Karnal?

स्वास्थ्य तथा आयुर्वेद मंत्री(श्रीमती कमला वर्मा): नहीं।

डा0 बृज मोहनः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदया से जानना चाहता हूं कि हरियाणा में कितनी डिस्पैंसरी खोलने का विचार किया गया कितनी खोली जा चुकी है और कितनी खोलनी बाकी है?

श्रीमती कमला वर्मा: अध्यक्ष महोदय, सन् 1987–88 और 1988–89 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 12, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 56 और सब–सैंटर्ज 283 खोलें है।

Mr. Speaker: Question Hour is over.

अतारांकित प्र न एंव उत्तर

Cases Registered under Terrorist and Disruptive activities (Prevention) Act, 1987

145. Shri Raghu Yadav: Will the Minister for Home be pleased to state the districtwise number of cases; if any, registered under the Terrorist and Disruptive Activities (Prevention) Act, 1987 during the year 1987-88 and 1989 (todate) in the State together with the number of persons arrested under the aforesaid Act?

गृह मंत्री(प्रो0 सम्पत सिंह):

जिला	आंतकवादी तथा विध्वंसकारी किया–कलाप(निवारण) अधिनियम 1987 के अंतर्गत दर्ज मुकदमों की संख्या			गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों की संख्यां		
	1987	1988	1989(31–8–89)	1987	1988	1989(31–8–89)
अम्बाल	-	4	7	-	7	6

ा						
करनाल	-	1	4	-	40	8
कुरूक्षेत्र	-	10	6	-	54	6
जींद	-	1	2	-	-	6
हिसार	6	-	-	20	-	-
सिरसा	-	-	1	-	-	1
गुडगांव	-	-	4	-	-	4
कुल	6	16	24	20	101	31

Unemployed Persons in the State

146. Shri Raghu Yadav: Will the Minister of State for Labour and Employment be pleased to state-

(a) the districwise total number of unemployed persons registered with the Employment Exchanges in the State together with the number of unskilled, Matric, Graduate, Post Graduate, M.B.B.S., Engineer, Diploma Holder, Vety.

Surgeon, B.A.M.S, G.A.M.S., B.Ed., registered with the Employment Exchanges as on 31st July 1989; and

(b) the present criteria fixed for providing Unemployment Allowances in the State/

श्रम तथा रोजगार राज्य मंत्री(श्री बलबीर सिंह):

(क) दिनांक 30.6.89 को रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत कुल, अकु ाल, मैट्रिक, स्नातक, स्नातकोत्तर, एम0बी0बी0एस0, इंजीनियर, डिप्लोमा होल्डर, प ाुचिकित्सा बी0ए0एम0एस0, जी0ए0एम0एस0, बी0एड0 तथा एम0एड0 प्रार्थियों बारे जिलेवार सूचना परिि ाष्ट–1 पर दी गई है।

(ख) राज्य में बेरोजगारी भत्ता जिस आधार पर दिया जाता है उसका ब्यौरा इस प्रकार है।

1 वह हरियाणा का निवासी होना चाहिये।

2 उसकी सभी स्त्रोतों से पारिवारिक आय 10,000 रूपये वार्शिक से अधिक नहीं होनी चाहिए।

3 ग्रामीण क्षेत्र में प्रार्थी के परिवार के पास पांच स्टैंडर्ड एकड़ से अधिक भूमि नहीं होनी चाहिये।

4 प्रार्थी का नाम लगातार दो वर्श अथवा इससे अधिक अवधि से रोजगार कार्यालय के सजीव रजिस्टर पर चल रहा हो।

5 प्रार्थी ने मैट्रिक/हायर सैकेंडरी/सीनियर सैकेंडरी परीक्षा हरियाणा में स्थित किसी ऐसे स्कूल से पास की होनी चाहिये जो हरियाणा बोर्ड आफ स्कूल ऐजूके ान/सैंट्रल बोर्ड आफ सैकेंडरी ऐजूके ान अथवा इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट से ऐफिलियेटिड हो। उसने स्नातक डिग्री भी हरियाणा में स्थित किसी ऐसे कालेज से पास की हो जो हरियाणा के वि वविद्यालय से ऐफिलियेटिड हो।

6 वह किसी संस्था/संस्थापना में छात्र/प्र ि ाक्षणार्थी/अप्रेंटस नहीं है और उसने किसी वित्तीय संस्था/विभाग/कमि र्यिल बैंक से अपना रोजगार चलाने के लिये कोई ऋण/सहायता/सबसिडी प्राप्त नहीं की हो।

7 इस स्कीम में डाक्टर/वैटरनरी डाक्टर तथा ऐडवोकेट जिन्होंने बार से लाईसैंस लिया है, भाामिल नहीं होंगे।

8 प्रार्थी सरकारी सेवा से डिसमिस न हो।

9 प्रार्थी की आयु 18 से 30 वर्श होनी चाहिये और अनुसूचित जाति/पिछड़े वर्ग के प्रार्थियों के लिये अधिकतम आयु 35 वर्श है।

10 प्रार्थियों को बेरोजगारी भत्ता अधिक से अधिक पांच वर्श तक अथवा उसकी अधिकतम निर्धारित आयु तक जो पहले आता हो, देय होगा।

11 बेरोजगारी भत्ता निम्न दरों से दिया जायेगाः—

(क)	मैट्रिक पास	50 रूपये प्रतिमाह
(ख)	हायर सैकेंडरी / सीनियर सैकेंडरी	75 रूपये प्रतिमाह
(ग)	स्नातक / स्नातकोत्तर	100 रूपये प्रतिमाह

परिि ाश्ट–1

जिला	कुल	अकु ा ल	मैट्रिक	स्नात क	स्नातकोत्तर	एम. बी. बी. एस.	इंजीनियर	डिप्लोमा होल्डर	प ु चिकित्सा	बी.ए. एम. एस. /जी.ए. एम. एस.	बी. एड.	एम. एड.
अम्बाला	91364	37536	24733	4776	817	50	94	713	9	141	1589	11
कुरूक्षेत्र	47116	17604	12993	2893	775	5	32	225	4	74	920	48
करनाल	62897	24818	15609	2624	564	13	42	433	3	55	1461	7
रोहतक	53425	19796	15370	1987	606	14	51	444	12	121	2172	12

						4						
सोनीपत	37591	11602	11651	989	201	5	21	412	15	62	1332	—
जींद	31544	10757	10856	1219	232	1	27	291	8	49	866	—
भिवानी	40008	14558	10827	1892	441	12	23	200	8	34	1441	—
गुडगांव	37591	15626	9642	1188	214	12	19	126	4	30	952	—
फरीदाबाद	42424	19189	11097	1465	431	11	32	334	2	31	1229	49
महेंद्रगढ	36061	11598	13426	1553	344	11	17	130	11	14	1463	—
हिसार	59208	20067	18456	2594	467	13	34	287	57	61	1718	10
सिरसा	20257	7132	5941	1174	257	6	13	150	9	15	979	38

कुल	559486	210283	160601	24354	5349	283	405	3745	142		16122	175

नोटः–(1) राज्य के रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत प्रार्थियों बारे सूचना अर्धवार्शिक आधार पर अवधि समाप्ति जून व दिसम्बर, को एकत्र की जाती है।

(2) चिकित्सा की आयुर्वेदिक पद्धति में बी0ए0एम0एस0 या जी0ए0एम0एस0 डिग्री वाले प्रार्थियों को एक ही कोड नम्बर अधीन वर्गीकृत किया जाता है।

Land under Afforestation in the State

147. Shri Durga Dutt Attri: Will the Minister for Forests be pleased to state-

(a) the total area of land under afforestation in the State as at present;

(b) the categorywise total number of officers/officials working in Forest Deparftment at the Head-quarter and field offices, separately;

(c) the categorywise total expenditure incurred on Establishment in respect of officers/officials as refered to in part (b) above during the year, 1987-88 and 1988-89, separately; and

(d) the total income accrued to the Forest Department during the year 1988-89?

वन तथा वन्य प्राणी सरंक्षण मंत्री(श्री परमा नंद):

(क) राज्य में अधिसूचित वन क्षेत्र 1,70,857 हैक्टेयर है।

(ख) मुख्यालय एवं क्षेत्रिय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या निम्न प्रकार है:—

क्रम सं0	श्रेणी	कार्यरत अधिकारियो/कर्मचाारियों की संख्या
		मुख्यालय क्षेत्रिय कार्यालय

1	ग्रुप–ए	2	38
2	ग्रुप–बी	4	41
3	ग्रुप–सी	47	2750
4	ग्रुप–डी	17	617
जोड़		**70**	**3446**

(ग) भाग (ख) में यथा वर्णित अधिकारियों/कर्मचारियों के संबंध में वर्श 1987–88 एवं 1988–89 के दौरान स्थापना पर हुआ खर्च निम्न प्रकार है'–

(रूपए लाखों में)

वर्श	मुख्यालय				
	ग्रुप–ए	ग्रुप–बी	ग्रुप–सी	ग्रुप–डी	जोड़
1987–88	2.03	0.80	9.38	4.92	17.13
1988–89	2.08	0.88	9.03	4.00	15.99
क्षेत्रिय मुख्यालय					
ग्रुप–ए	ग्रुप–बी	ग्रुप–सी	ग्रुप–डी	जोड़	कुल जोड़

25.71	16.40	316.78	216.83	575.72	592.85
39.52	12.03	411.40	164.53	627.48	643.47

(घ) वन विभाग में वर्श 1988–89 के दौरान 707.29 लाख रूपये आय हुई थी।

Provision of separate water works for the villages

148. Chaudhri Satbir Singh Kadian: Will the Minister for Public Health be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to provide sepaate water works for the villages Jatipur, Nangal Kheri and Gawalra in Naultha constituency; and

(b) if so, the time by which the aforesaid proposal is likely to be materialized?

जन स्वास्थ्य मंत्री(श्री राम बिलास भार्मा):

(क) जी नहीं।

(ख) प्र न ही नहीं उठता।

Earth Work on Roads in Naultha Constituency

149. Chaudhri Satbir Singh Kadian: Will the Minister for P.W.D. (B&R) be pleased to state-

(a) whether it is a fact that earth work on Garhi Sikanderpur to Jeetgarh-Ram Nagar and Bandh to Ram Nagar in Naultha Constituency has been started; and

(b) if so, the time by which the above said roads are likely to be completed?

लोक निर्माण मंत्री(श्री ओम प्रका ा भारद्वाज):

(क) मिट्टी का कार्य गढी सिकंदरपुर से जीतगढ सड़क पर आरम्भ हो चुका है परन्तु अभी तक बांध से रामनगर सड़क पर आरंभ नहीं हुआ है।

(ख) गढी सिंकदरपुर से जीतगढ सड़क को पूरा करने की तिथि धन की उपलब्धि पर निर्भर होगी। बांध से रामनगर सड़क अभी तक स्वीकृत नहीं हुई है। अतः इसको पूरा करने का प्र न ही उत्पन्न नहीं होता।

Surfacing of Roads

150. Chaudhri Satbir Singh Kadian: Will the Minister for P.W.D. (B&R) be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to repair the following roads in Naultha and Asandh Constituencies of District Karnal:-

(1) Israna to Buana Lakhu via Bandh;

(2) Israna to Kalkha via Jondhan Kalan;

(3) Israna to Gawalra via Mandi;

(4) Naultha to Urlana Kalan via Majra Alupur-Atawla Deeniana;

(5) Madlauda to Matand (Sonipat) via Atawala Khurana;

(6) Urlana Kalan to Asandh road via Urlana Khurd;

(7) Gohana to Wazipur Titana; and

(8) Approach road from G.T. Road to village Jatipur.

(b) if so, the time by which the aforesaid roads are likely to be repaired?

लोक निर्माण मंत्री(श्री ओम प्रका ा भारद्वाज):

(क) जी हां।

(ख) जून 1990 तक।

Lining of 1-R Minor

151. Chaudhri Satbir Singh Kadian: Will the Minister for Irrigation & Power be pleased to state whether there is any scheme under consideration of the Government for lining 1-R Minor in Naultha Constituency; if so, the time by which the lining of the said minor is likely to be completed?

सिंचाई तथा बिजली मंत्री(श्री बीरेंद्र सिंह): हां, इसराना वित्रिका से निकलने वाल 1–आर माईनर को पक्का करने की योजना को नहरों के आधुनिकीकरण की परियोजना (फेज–2) में भाामिल किया जा रहा है। उक्त माईनर को पूर्णतया पक्का किया

जाने की तिथि बारे कहना सम्भव नहीं है क्योंकि यह धन की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

Construction of Dadupur Nalvi Canal and Ladwa Canal

157. Shri Harnam Singh: Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state-

(a) whether the construction work of the Dadupur Nalvi Canal and Ladwa Canal has been taken in hand for the last six months; and

(b) if so, the time by which the aforesaid work is likely to be completed?

सिंचाई तथा बिजली मंत्री(श्री बीरेंद्र सिंह):

(क) दादूपुर नलवी नहर तथा लाडवा नहर का कार्य गत छः महीनों से प्रारम्भ नहीं किया है।

(ख) इन नहरों के पूर्ण होने के समय बारे निि चत रूप से कहना सम्भव नहीं है, क्योंकि यह अनुमान अभी सी0डब्ल्यू0सी0/योजना आयोग, भारत सरकार से अनुमोदित होने है।

(2) **मार्किट कमेटी, ईस्माईलाबाद**

1 अम्बाला–हिसार सड़क से सब यार्ड ठोल की पहुंच सड़क।

2 डेरा मुहम्मद भााह से ठस्का मिराजी तक की सड़क।

3 गांव भाांति नगर से गांव विज्जपुर तक की सड़क।

इन सड़कों को निर्माण एक वर्श के अंदर पूरा होने की सम्भावना है।

Outstanding Amount of House Tax

152. Seth Lachhman Dass Bajaj: Will the Deputy Chief Minister (II) be pleased to state-

(a) whether any amount on account of House Tax is outstanding at present in each Municipal Committee fo the State; and

(b) if so, the total amount thereof separately togetherwith the steps, if any, taken or proposed to be taken to recover the aforesaid amount?

अंतरिम उत्तर

D.O.No.26/20/89-50

''मंगल सैन

उप मुख्य मंत्री–2

स्थानीय भाासन विभाग, हरियाणा, चंडीगढ

दिनांक 11–9–89

विशयः श्री लछमन दास बजाज, विधायक द्वारा पूछे गये विधान सभा अतारांकित प्र न संख्या 152 के बारे सूचना उपलब्ध करने संबंधी।

आदरणीय श्री चट्ठा साहब जी,

मैं आपकों सूचित करता हूं कि अतारांकित विधान सभा प्र न संख्या 152 जो श्री लछमन दास, विधायक द्वारा पूछा गया है, का उत्तर विधान सभा अधिवे ान में दिनांक 12–9–89 का देय है किंतु इस प्र न का उत्तर देने संबंधी जो सूचना वांछित है वह अभी राज्य की सभी 81 नगरपालिकाओं से प्रतीक्षित है। अतः इस प्र न का उत्तर दिनांक 12–9–89 को देना संभव न होगा। इन परिस्थितियों में मैं आभारी हूंगा। यदि आप इस प्र न का उत्तर तैयार करने हेतु कम से कम 7 दिन की बढ़ौतरी देंगे।

सादर,

आपका,

हस्ता/–

(मंगल सैन)

श्री एच0एस0 चट्ठा।

अध्यक्ष हरियाणा विधान सभा,

चंडीगढ।''

Idle Vehicles with General Hospital Karnal

153. Seth Lachhman Dass Bajaj: Will the Minister for Health be pleased to state the steps taken by the Government in connection with dozens of vehicles lying idle in the premises of General Hospital, Karnal for the last so many years?

स्वास्थ्य तथा आयुर्वेद मंत्री(श्रीमती कमला वर्मा): सामान्य हस्पताल, करनाल में 12 अनुपयोगी गाड़ियां भारी मुरम्मत, नकारा घोशित करने तथा निपटान हेतु पड़ी है। गाड़ियों तथा विभिन्न स्तरों पर की गई कार्यवाही का विवरण निम्न प्रकार से है:–

1 भारी मुरम्मत हेतु पड़ी गाड़ी

एच0एन0के0–4308 (जीप)

यह गाड़ी जनवरी, 1989 में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। यह सुपरदारी पर न्यायलय से ले ली गई है तथा सिविल सर्जन करनाल के नियंत्रण में है। कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण होने पर इस गाड़ी की मुरम्मत करवाई जाएगी।

2 जिला स्तर पर नाकारा घोशित करने के लिए कार्यवाही अधीन पड़ी गाड़ियां

एच0वाई0के0–1911 (टैंकर)

वर्श 1982 में राज्य सरकार द्वारा खरीदी गई यह गाड़ी अपनी पांच वर्श की सामान्य आयु पूर्ण कर चुकी है। यह गाड़ी अब मितव्ययी नहीं है तथा नियमों व किया विधि अनुसार इसे कंडम करने का मामला सिविल–सर्जन करनाल के विचाराधीन है।

3 सिविल सर्जन, करनाल ने अपने पत्र कमांक जी एम–89/ 1820 दिनांक 17.7.89 तथा 1822 दिनांक 17.7.89 द्वारा दस अनुपयोगी गाड़ियों का निपटारा करने हेतु प्र ाासकीय स्वीकृति का मामला भेजा है जिन्हें भारत सरकार तथा राज्य सरकार (जिला स्तर पर) गठित कंडमने ान बोर्ड द्वारा नकारा घोशित किया गया था। यह मामला विचाराधीन है। इन गाड़ियों के रजिस्ट्रे ान नं0 निम्नलिखित है:–

1 एच0आर0के0 860

2 एच0आर0के0 1091

3 पी0एन0के0 2610

4 सी0एच0 386

5 सी0एच0 985

6 एच0आर0डी0 4436

7 एच0आर0के0 3897

8 एच0आर0आर0 9436

Government and Private Schools in the State

154. Seth Lachhman Dass Bajaj: Will the Minister for Education be pleased to state the district-wise number of Government Schools and Government aided private Schools in the State at present, separately?

ि ाक्षा मंत्री(श्रीमती सुशमा स्वराज): राज्य में जिलावार सरकारी तथा सरकार द्वारा सहायता प्राप्त प्राईवेट स्कूलों की संख्या निम्न प्रकार है:–

कमांक	जिले का नाम	राजकीय स्कूल	सरकार द्वारा सहायता प्राप्त प्राइवेट स्कूल
1	अम्बाला	999	117
2	भिवानी	614	17
3	फरीदाबाद	538	14
4	गुडगांव	812	19
5	हिसार	714	23

6	जींद	516	22
7	करनाल	743	38
8	कुरूक्षेत्र	820	29
9	महेंद्रगढ	844	20
10	रोहतक	583	54
11	सिरसा	469	13
12	सोनीपत	419	32
कुल		8081	398

Mini Secretariat at Karnal

155. Seth Lachhman Dass Bajaj: Will the Minister for Revenue be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a New building of Mini-Secretariat is likely to be constructed?

(b) if so, the time by which the aforesaid building of Mini-Secretariat is likely to be constructed?

राजस्व मंत्री(श्री सूरज भान):

(क) जी हां।

(ख) इस स्थिति में यह बताना सम्भव नहीं है कि यह कम्पलैक्स कब तक पूर्ण होगा।

घोशणा

अध्यक्ष द्वारा श्रीमती जसमां देवी, एम0एल0ए0 की गिरफ्तारी संबंधी

Mr. Speaker: Hon'ble Members, I have to make anannouncement.

I have received the following information from the Senior Superintendent of Police, Union Territory, Chandigarh:-

"Smt. Jasma Devi, M.L.A. of Haryana Vidhan Sabha, wife of Shri Bhajan Lal, has been arrested on 11-9-89 under sections 107/151, Cr.P.C. in Police Stateion, Sector 39, Chandigarh."

वाक आउट–

सर्वश्री मोहम्मद असलम खां तथा बलबीर पाल भााह द्वारा

श्री मोहम्मद असलम खांः स्पीकर साहब, कल जो हरियाणा कांग्रेस वर्कर्ज की गिरफतारियां हुई है और उनके भाांतिप्रिय जलूस पर जबरदस्त लाठीचार्ज किया गया है, मैं उस बारे में कुछ कहना चाहता हू। (ाोर).....

श्री अध्यक्षः देखिए, बात यह है कि हाउस की कुछ प्रथाएं है और कुछ रूल्ज है। आपने कोई मो ान दिया हो, कोई

चिट्ठी लिखी हो तो, जब तो दूसरी बात है वरना यह कोई प्रोसीजर नहीं है and I would not allow it. (Interruptions)

श्री मोहम्मद असलम खांः कल महेंद्र प्रताप सिंह जी को भी सस्पैंड किया गया है। (ाोर)

श्री अध्यक्षः देखिए, यह कोई प्रोसिजर नहीं है। This is not the way. Please take your seat.

श्री मोहम्मद असलम खांः स्पीकर साहब, कल कांग्रेस वर्कर्ज पर लाठीचार्ज भी किया गया है और महेंद्र प्रताप सिंह जी को हाउस की सर्विस से सस्पैंड भी किया गया है। यदि इस संबंध में मुझे बोलने नहीं दिया जाता तो हम इसके विरोध में वाक–आउट करते है।

Mr. Speaker: All right.

(इस समय श्री मोहम्मद असलम खां तथा श्री बलबीर पाल भााह सदन से वाक–आउट कर गये।)

सिंचाई तथा बिजली मंत्री(श्री बीरेंद्र सिंह): स्पीकर साहब, आज कांग्रेस के दो माननीय सदस्य सदन से वाक आउट करके चले गये। मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि इस गवर्नमैंट से या इस हाउस से या आपके प्रति उनको क्या आपत्ति पैदा हुई है? वे लोग लाठियां लेकर चंडीगढ में गुल गपाड़ा करने अमन भंग करने और भाोर भाराबा करने आये थे। यहां पर चंडीगढ की पुलिस है। यूनियन टैरीटरी सीधे केंद्र के नीचे है। यूनियन

टैरिटरी में पुलिस का ऐडमिनिस्ट्रे ान केंद्र का है। आखिर हमारे से ये भाई क्यों नाराज होकर चले गये? उन्हीं की सरकार ने अगर उन्हीं को बुरी तरह से मारा या पीटा है तो उनको हमसे तो नाराज नहीं होना चाहिये। ये लोग लाठियां लेकर आये और लूट–मार करना चाहें, क्या ये उनका साथ देना चाहते है और उनको प्रोटैक्ट करना चाहते है? मुझे तो बात कुछ समझ में नहीं आयी अगर फिर भी वे हाउस के सामने कोई बात ऐक्सप्लेन कर सकें तो कोई बात बन सकती है। लेकिन हमारा तो बीच में कोई ताल्लुक है ही नहीं। न हरियाणा सरकार का, न मुख्य मंत्री जी का, न आपका और न इन माननीय सदस्यों का कोई लेन–देन इस घटना से है। ये लोगा अकेले किसी तरीके से हरियाणा प्रांत में घुस नहीं सकते। हरियाणा प्रांत के लोगों ने इनको मुंह नहीं लगाया लेकिन चंडीगढ में आकर प्रैस के रूबरू गुल गपौड़ा करके गंदे काम करके और लाठियां मारकर यदि ये हैड लाईंज लेना चाहे तो लेते रहें परन्तु हमारी इसमें कोई बात नहीं है जिसकी बिनाह पर ये हमसे नाराज होकर चले जायें।

उप मुख्य मंत्री(डा0 मंगल सैन): स्पीकर साहब, मुझे बड़ा अफसोस है कि इन आनरेबल मैम्बर्ज ने इस हाउस का सदस्य बनने के बाद, जो यहां के रूल्ज एंड प्रोसीजर की किताब है वह नहीं पढी। अगर उन्होंने सदन में आने के बाद कुछ पढ लिया होता, आपको काल अटैं ान मो ान दे दिया होता आप उसको ऐडमिट करते या न करते, तो बात दूसरी थी। इस तरीके से हैड

लाईन में आने का इन्होंने एक रास्ता अपनाया है। मैं तो कल से कह रहा हूं that I pity on these people. Please intervene in the matter. ये अनप्रिपेयर्ड आते है। आप इनको समझाइए। चाहे आप इनको अपने चैम्बर में समझाएं या और कहीं समझाएं लेकिन इनको जरूर समझाएं। इनके लिए कोई स्कूल खोलिए और चाहे इनके लिए रिफ्रै ार कोर्स आरम्भ करें। हमें तो इनसे कुछ लेना देना नहीं है। अगर आपसे इनको कुछ लेना देना है तो आप इनको समझाने का कोई तरीका निकालिए। इस हाउस के कुछ रूल्ज है। हरेक सदस्य को उन रूल्ज के मुताबिक चलना पड़ेगा। अध्यक्ष महोदय, बस मैं इतना ही कहना चाहता हू।

उप मुख्य मंत्री(श्री बनारसी दास गुप्ता): अध्यक्ष महोदय, आपने आज समाचार पत्रों में छपी वे तस्वीरें देखी होगी जबकि ये कांग्रेस के साथी पुलिस के साथ उलझ रहे थे। अध्यक्ष महोदय, आप जानते है कि चंडीगढ में ऐडमिनिस्ट्रे ान हरियाणा सरकार का नहीं है। यहां की पुलिस, यहां के अफसर और यहां का ला एंड आर्डर चंडीगढ ऐडमिनिस्ट्रे ान मैनटेन करता है और आजकल यहां के ऐडमिनिस्ट्रेटर सिद्धार्थ भांकर रे है। वे राश्ट्रपति द्वारा नियुक्त किए गए है और वे राश्ट्रपति की उतनी बात नहीं मानते जितनी प्रधान मंत्री की और कांग्रेस के नेताओं की बात मानते है। अध्यक्ष महोदय, जो कुछ भी किया वह चंडीगढ की पुलिस ने किया। अध्यक्ष महोदय, कांग्रेस के नेता दावा करते है कि वे पीसफुल डिमौंसट्रे ान करने और पीसफुल धरना देने आए थे

लेकिन आप देखें कि उनके हाथों में लाठियां है और वे पुलिस को लाठियां दिखा रहे है। इस बात से साफ जाहिर है कि वे पीसफुल धरना देने के लिए नहीं आए थे। कभी भी भाांति के साथ धरना देने वाले व्यक्ति हाथ में लाठियां लेकर नहीं चलते। इससे साफ जाहिर है कि वे झगड़ा फसाद करने आए थे, वायलैंस करने के लिए आए थे और गुल गपाड़ा करने आए थे और भाांति से चलते हुए ऐडिमिनिस्ट्रे ान में विघ्न डालने के लिए आए थे। अध्यक्ष महोदय, इन कांग्रेस वालों को यह पता नहीं था कि उनको यह दिन भी देखना पड़ेगा कि हरियाणा मे ंचौधरी देवीलाल पहली बार 1977 में हरियाणा के मुख्य मंत्री बनकर आए थे तो इन्होंने जस्टिस टेक चंद की अध्यक्षता में एक जेल सुधार समिति बनाई थी। इस समिति का काम जेलों में सुधार के लिए सुझाव देने थे। जस्टिस टेक चंद ने 1982 मे ंअपनी रिपोर्ट दे दी और उस रिपोर्ट में सुझाव दिए गए कि जेलों के अंदर ये–ये सुधार किये जाएं। लेकिन कांग्रेस की सरकार ने 1987 तक उन सिफारि ाों पर कोई अमल नहीं किया, उन सिफारि ाों को बिल्कुल इम्पलीमैंट नहीं किया क्योंकि उन्हें इस बात का ध्यान नहीं था कि उन्हें भी कभी जेल जाना पड़ेगा। उन्हें लोगों की परवाह ही नहीं थी। उन्हें इस बात का ध्यान नहीं था कि जो लोग जेल जाते है वे किस तरह से जीवन व्यतीत करते हैं। उन्हें इस बात का ध्यान नहीं था कि जो लोग जेल जाते है वे प ाुओं की तरह जीवन व्यतीत करते है। अगर उनको इस बात का ध्यान होता कि हमें 1987 के बाद जेल जाना पड़ेगा तो उन सिफारि ाों को इम्पलीमैंट

करते लेकिन उन्होंने नहीं किया। अध्यक्ष महोदय, जब चौधरी देवी लाल 1987 में दुबारा आए तो इन्हौंने उस ओर फिर ध्यान दिया। सारी रिपोर्ट देखी गई और प्लानिंग बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन बाबू मूलचंद जैन की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई। बाबू मूल चंद ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस रिपोर्ट को तैयार करने में बहुत मेहनत की और वह रिपोर्ट सरकार को दी। अध्यक्ष महोदय, अगर आप उस रिपोर्ट को ध्यान से पढें तो पता चलता है कि जेल में जाने वालों को मनुश्य मानते हुए इतनी सुविधाएं दी गई है जो किसी आम इंसान को मिलनी चाहिए और जो किसी भी स्वाधीनप दे ा के अंदर जेल जाने वालों को दी जाती है।

श्री रघु यादवः अध्यक्ष महोदय, इन सब बातों को कहने की क्या रैलीवैंसी है। वे इररैलैवेंट है। (ाोर एंव व्यवधान)

श्री बनारसी दास गुप्ताः आप चुप रहें। जब आपकी बारी आए उस समय आप बोलना। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री रघु यादवः आप मुझे कुछ नहीं कह सकते। आप अध्यक्ष को सम्बोधित कीजिए। अध्यक्ष महोदय ही मुझे कह सकते है। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री बनारसी दास गुप्ताः आप चुप रहें। जब आपकी बारी आए उस समय आप बोलना। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री रघु यादवः आप मुझे कुछ नहीं कह सकते। आप अध्यक्ष को सम्बोधित कीजिए। अध्यक्ष महोदय ही मुझे कह सकते है। (ाोर एवं व्यवधान)

Do not talk to me. Address the Chair. You cannot talk to me direct.

Mr. Speaker: Please take your seat. This is not the way. I won't allow you to speak like this.

श्री बनारसी दास गुप्ताः हाउस के अंदर सारे नियम मानकर चलना पड़ता है। आप खामो ा बैठिए। जब आपका नम्बर आए तो बोलना। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री रघु यादवः स्पीकर साहब, ये आपको ऐड्रेस करें।

Mr. Speaker: Yadav Ji, please take your seat.

श्री बनारसी दास गुप्ताः जब आपका नम्बर आए तो उस समय बोलना। आप रूल्ज आफ प्रोसीजर की किताब पढें। (ाोर एवं व्यवधान) आपको पता होना चाहिए कि किस वक्त क्या बोला जाता है। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री रघु यादवः स्पीकर साहब, आप इन्हें कहें कि ये आपको ऐड्रेस करें, न कि मुझे।

Mr. Speaker: Raghu Yadav Ji, this is not the way. Please take your seat.

श्री बनारसी दास गुप्ताः ये सारी बातें बर्दा ात नहीं की जाएगी। (ाोर एवं व्यवधान) क्या आपने ठेका ले रखा है बीच में इंटरप्ट करने का? आप अपने नम्बर पर बोलना। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री रघु यादवः स्पीकर साहब, आप मेरी बात भी तो सुन लीजिए।

Mr. Speaker: Yadav Ji, please take your seat.

श्री रघु यादवः स्पीकर साहब, मेरा निवेदन है.....
.....

श्री बनारसी दास गुप्ताः आप कौन से रूल के मुताबिक बोल रहे है? (ाोर)

श्री रघु यादवः आप यह बात मुझ से कैसे पूछ सकते है?

Mr. Speaker: Yadav Ji, please sit down.

श्री बनारसी दास गुप्ताः यादव जी, यह विधान सभा है। यह कोई पब्लिक प्लेट फार्म नहीं है। यहां रूल्ज के मुताबिक बोलना चाहिए। अगर आपको चेयर बोलने के अलाउड करें तो आप बोलिए और उस वक्त आपको बोलने का पूरा अधिकार है।(ाोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker: Gupta Ji, please proceed.

श्री बनारसी दास गुप्ताः आप रूल्ज आफ प्रोसिजर एंड कंडक्ट आफ बिजनैस की किताब पढें। उसके मुताबिक आप एक भाब्द भी नहीं बोल सकते जब तक कि चेयर अलाउ न करें। उसमें साफ लिखा है कि चेयर जब अलाउ करे तभी आप बोलें। चेयर की इजाजत के बिना आप एक भाब्द भी नहीं बोल सकते। इसलिए आप बैठ जाएं।(ाोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker: Gupta Ji, you please proceed further.

श्री बनारसी दास गुप्ताः जब तक अध्यक्ष महोदय बोलने की इजाजत न दे तब तक सदन का कोई मैम्बर नहीं बोल सकता। यह रूल है नियम है। आप पढे लिखे व्यक्ति है, आपको तो पढकर आना चाहिए।

Shri Raghu Yadav: Sir, I want to submit**********.

Mr. Speaker: Yadav Sahib, this is not the way. You please take your seat. (Intderruptions). This will not be recorded.

श्री बनारसी दास गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा इनको यह कहना चाहता हूं कि वे बोलते समय सभी बातों का ध्यान रखें और आपको ऐड्रेस करके ही बोलें। तो मैं अध्यक्ष महोदय, यह कह रहा था कि वह रिपोर्ट अब आ चुकी है और उस रिपोर्ट का अध्ययन किया जा रहा है। हमारे ऐडी ानल ऐडवोकेट

जनरल उस रिपोर्ट का अध्ययन कर रहे है और ये बिल ड्राफट किये जा रहे है:—

1 The Haryana Prisons Bill.

2 The Haryana Prisoners Bill.

3 The Haryana Borstal Institutions Bill.

4 The Haryana Good Conduct Prisoners Probationary Release Bill.

ज्ब ये तैयार हो जाएंगे तो अगले विधानसभा के अधिवे ान में ये रखे जाएंगे ताकि जो अंग्रेजों के समय से रूल्ज चले आ रहे थे उनमें सुधार किया जा सके और उन्हें इम्पलीमैंट किया जा सके।

घोशणा—

अध्यक्ष द्वारा, श्रीमती जसमां देवी, एम0एल0ए0 की जुडि ाियल कस्टडी में रिमांड संबंधी

Mr. Speaker: Hon. Members, I have just now received the intimation from the Sub-Divisional Magistrate, Chandigarh, which is as follows-

"Shrimat Jasma Devi wife of Shri Bhajan Lal, Member of Haryana Vidhan Sabha, was arrested by Chandigarh Police under sections 107/151 Cr.P.C. and produced before me on 11-9-89. Having failed to furnish the personal bond, she has been remanded to judicial custody and

lodged in the District Jail, Burali, Chandigarh. The next date of hearing is 12-9-89. She represents Adampur constituency."

विभिन्न विशयों को उठाया जाना

श्री रतन लाल कटारिया: स्पीकर साहब, मैंने दो काल अटैं ान मो ानज दिये थे। एक मेरे क्षेत्र बवैन से संबंधित था। वहां पर टयूबवैलज व कुओं में जहरीली गैस के बनने से धड़ाधड़ लोग मर रहे है। हर रोज एक–आध मौत इस कारण से हो रही है यह बड़ा गम्भीर मसला है। इसकी ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए। मैं यह जानना चाहता हूं कि मेरे इस काल अटैं ान मो ान का क्या फेट है?

श्री अध्यक्ष: कटारिया साहब, आप बैठिए।

Shri Raghu Yadav: Speaker Sir,.....(Interruptions)

Mr. Speaker: Yadav Sahib, be very relevant.

श्री रघु यादव: अध्यक्ष महोदय, मैंने भी पिछले कई दिनों हुई पुलिस भर्ती में चले भाई भतीजावाद व रि वतखोरी के खिलाफ एक काल अटैं ान मो ान दिया था। उसका क्या बना? (ाोर एवं व्यवधान) गुड़गांव में भर्ती होने आए लड़कों को थानों में ले जा कर पीटा गया। (ाोर)

Mr. Speaker: Mr. Vadav, this is most irrelevant. (Interruptions). टापने पुलिस भर्ती से संबंधित जो काल अटैं ान

मो ान का नोटिस दिया था उसको मैंने डिस अलाउ कर दिया है।

श्री हरनाम सिंहः स्पीकर साहब, 12 तारीख के लिये जो क्वै चनज लगे हुए है उनका उत्तर सदन के पटल पर नहीं रखा गया है। पहली बात तो मैं यह आपसे कहना चाह रहा था। स्पीकर साहब, मेरा मेन मुद्दा महंगाई से संबंधित है। वैसे तो यह मसला केंद्र सरकार से संबंधित है। यह सर्व विदित है कि चीनी आज कितनी मंहगी हो गई है। इसी तरह से आज दालें, घी और चाय वगैरह के रेट्स भी आसमान छू लगे है, इस का संबंध तो केंद्र सरकार से अव य है लेकिन हरियाणा सरकार ने भी तो उन से माल लेकर ही अपने डिपुओं पर सप्लाई करना है। जैसे आप देखिये कि आज गुड़ 9 रूपये किलो के हिसाब से बिक रहा है। यह मसला तो हमारे हाथ में है। इस पर हमारी सरकार कंट्रोल कर सकती है। इसलिये मैं यह जानना चाहता हूं कि महंगाई के बारे में मेरा जो काल अटैं ान मो ान का नोटिस था उसका क्या बना? मेरा दूसर मो ान पिंजौर में बैठे भूख हड़तालियों से संबंधित है। वहां पर केंद्र सरकार अन–रैस्ट पैदा करनी चाहती है। स्पीकर साहब जब मजदूरों न पैदावार बढाई है तो उसका हिस्सा भी उनको मिलना चाहिये। (ाोर)

Mr. Speaker: Comrade Sahib, listen to me. Replies to the Question had been kept on the Table. So far as your call attention motions are concerned, both of these have been disallowed. Now let us proceed further.

श्री हीरा नंद आर्य: अध्यक्ष महोदय, फारमसिस्टस की सिलैक ान के संबंध में मैनें एक काल अटैं ान मो ान का नोटिस दिया था। सरकार ने अम्बाला में सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं में दाखिलें के लिये स्टूडैंटस की सिलैक ान की थी लेकिन प्राइवेट इंस्टीच्यू ांज ने हरियाणा सरकार के फैसले को नहीं माना है और वे स्टूडैंटस को दाखिला नहीं दे रहे हे। मैं जानना चाहता हूं कि सरकार इस बारे में अब क्या नीति है।

श्री अध्यक्ष: आपक वह काल अटैं ान मो ान मेरे अंडर कंसिड्रे ान है।

ध्यानाकर्शण प्रस्ताव–

जिला महेंद्रगढ, भिवानी, हिसार तथा जींद आदि में वर्शा न होने के कारण खरीफ की फसल को हानि होने संबंधी।

Mr. Speaker: Hon'ble Members, I have received a notice of calling attention motion No. 3 from Srhi Hira Nand Arya, M.L.A. Mohhindergarh, Bhiwani, Hisar and Jind etc. I admit it. He may please read his notice and the Revenue Minister may make a statement thereafter.

(At this stage the Deputy Speaker occupied the Chair)

Shri Hira Nand Arya: Sir, I want to draw the attention of this August House towards a metter of urgent public importance that Kharik (Savani) crop has been ruined and even the crop has not been sown in vast area of land of district Bhiwani, Mahendergarh, Hisar, Jind and tehsils

Jhajjar, Nahar and Kosli due to failure of rain and these is a severe drought in the said areas. On account of it great resentment is prevailing amongst the farm labourers and farmers. I, therefore, request that the Government should take special steps immediately to give relief and save the people from the hardship. The Government may also inform the House about the steps taken for giving due compensation and approaching the Central Government to compensate the farmers for the loss of crops suffered by them.

वक्तव्य

राजस्व मंत्री द्वारा उपर्युक्त ध्यानाकर्शण प्रस्ताव संबंधी

राजस्व मंत्री(श्री सूरज भान): अध्यक्ष महोदय, वर्श 1989 के दौरान निस्संदेह मौनसून की वर्शा में कुछ कम हुई है फिर भी यह नहीं कहा जा सकता कि वर्शा बिल्कुल नही हुई जिसके फलस्वरूप राज्य के कुछ भागों को नामतः भिवानी, हिसार, जींद, महेंद्रगढ तथा रोहतक के झज्जर उप मंडल (नाहड़ तथा कोसली समेत) में भयंकर सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गई है। राज्य में हुई वर्शा की नियमित रूप से मौनिटरिंग की जाती है और सरकार प्रारम्भ से ही स्थिति पर निगरानी रखे हुए है।

2 उपायुक्त रोहतक ने मई, 1988 में यह व्यक्त किया था कि अधिक गर्मी के कारण गांवों के तालाबों का पानी सूखने लगा है और उसकी मांग के दृश्टिगत 2.00 लाख रूपये की रा ि ा

तालाबों को डीजल पम्पों की सहायता से भरने हेतु स्वीकृत कर दी गई थी।

3 जुलाई, 1989 में ध्यानाकर्शण सूचना में वर्णित जिलों में निम्नलिखित वर्शा हुईः—

क्रमांक	**जिले का नाम**	**सामान्य संभावित वर्शा जुलाई, 1989 (एम0एम0 में)**	**वास्तविक वर्शा जुलाई, 1989 (एम0 एम0 में)**	**कमी (एम0एम0में)**
1	भिवानी	100.4	67.2	33.2
2	हिसार	109.0	39.0	70.0
3	जींद	137.0	18.9	118.1
4	महेंद्रगढ	135.6	18.1	67.5
5	रोहतक(झज्जर उप—मंडल)	43.0	43.0	—

4 उपरोक्त विवरण से स्पश्ट है कि जुलाई 1989 में कम वर्शा हुई थी। उपायुक्त महेंद्रगढ ने सूचित किया था कि

उनके जिले में गांवों के तालाबों का पानी सूखने लगा है इसलिए उनकी मांग के दृश्टिगत 4.00 लाख रूपये की रा ि ा तालाबों में पानी भरने हेतु स्वीकृत की गई थी। इसके अतिरिक्त अन्य जिलों से कोई मांग प्राप्त नहीं हुई।

5 अगस्त, 1989 के तीसरे सप्ताह तक वर्शा कम थी अतः राज्य में उत्पन्न स्थिति के मूल्यांकन के लिए जिला राजस्व अधिकारियों की एक बैठक वित्तायुक्त राजस्व हरियाणा की अध्यक्षता में दिनांक 10.8.89 को चंडीगढ में बुलाई गई थी। इस बैठक में जिला राजस्व अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वर्शा की कमी का खड़ी फसलों पर कुछ असर आरम्भ हो गया और अगर आगामी एक पखवाड़े में वर्शा न हुई तो स्थाति गम्भीर हो सकती है। उपायुक्तों को निर्दे ा दिया गया था कि वह स्थिति पर पूर्ण रूप से निगरानी रखें व दिनांक 22.8.89 तक कि स्थिति का मूल्यांकन कर के नवीनतम रिपोर्ट भेजें। उन्हें यह भी निर्दे ा निर्दे ा दिया गया था कि वह सहायता कार्यों को के लिए भी अपनी मांग यदि कोई हो तो सूचित करें। हिसार मंडल के उपायुक्तों की एक बैठक मुख्य सचिव, हरियाणा की अध्यक्षता में स्थिति के मूल्यांकन हेतु दिनांक 25.8.89 को बुलाई गई थी। स्टेट काइसिस मैनेजमैंट ग्रुप की एक बैठक भी मुख्य सचिव, हरियाणा की अध्यक्षता में दिनांक 30.8.89 को नि ि चत की गई थी। इसी दौरान 21/22–8–89 से वर्शा पुनः आरम्भ हो गई जिससे स्थिति में बदलाव आया। हिसार मंडल के उपायुक्तों ने

बैठक में यह बताया कि इस वर्शा से स्थिति मैं सुधार आने के फलस्वरूप उनके जिलों में कहीं भी सूखे की स्थिति नहीं है। चारे की कमी या मनुश्यों तथा प ाुओं के लिए पीने के पानी की कमी या मनुश्य तथा प ाुओं के लिए पीने के पानी की कमी नहीं बताई गई और तुरन्त सहायता प्रदान करने के लिए भी कोई मांग प्राप्त नहीं हुई। इस स्थिति को दृश्टिगत रखते हुए स्टेट काईसिस मैनेजमेंट ग्रुप की जो बैठक दिनांक 30.8.89 को रखी गई थी उसे स्थगित कर दिया गया।

6 अगस्त 1989 के तीसरे सप्ताह के प चात वर्शा होने के फलस्वरूप अगस्त मास में हुई वर्शा की तथा वर्श 1987, 1988 में हुई वर्शा की तुलनात्मक स्थिति निम्न प्रकार बनती है:–

(वर्शा एम0एम0 में)

कमांक	जिला	सामान्य संभावित वर्शा	वास्तविक वर्शा	वास्तविक वर्शा	वास्तविक वर्शा
1	भिवानी	126.40	91.80	108.4	34.4
2	हिसार	107.30	67.20	17.3	27.6
3	जींद	145.80	102.60	133.7	22.3
4	महेंद्रगढ	159.80	78.90	105.6	60.4

5	रोहतक(झज्जर उपमंडल)	43.0	92.2	260.0	94.2

वर्शा के यह आंकड़े यह द र्शाते है कि अगस्त, 1989 में यह वर्शा सामान्य संभावित वर्शा से कम हुई थी फिर भी अगस्त, 1989 के तीसरे सप्ताह के प चात हुई वर्शा खड़ी फसलों के लिए लाभप्रद थी और समस्त स्थिति में बदलाव आ गया है।

7 राज्य सरकार स्थिति पर लगातार निगरानी रखी हुई है तथा आम जनता के साथ भी सम्पर्क रखे हुए है। राज्य सरकार को अब तक सहायता कार्यों के लिए कोई भी प्रतिवेदन या मांग प्राप्त नहीं हुई है।

8 वर्श 1987 गम्भीर सूखे का साल था तथा वर्श 1988 में राज्य में अभूतपूर्व बाढ आई। इन वर्शों की तुलना में इस वर्श जिला भिवान, हिसार, जींद, महेंद्रगढ तथा रोहतक के लक्ष्यों क्षेत्रों के विरूद्ध बीजे गए क्षेत्र निम्न प्रकार है:–

(क्षेत्र 000 हेक्टेयर में)

क्रमांक	जिला	लक्ष्य क्षेत्र	बीजा गया क्षेत्र	बीजा गया क्षेत्र	लक्ष्य क्षेत्र	बीजा गया क्षेत्र
1	भिवानी	282	200	294	291	94.6

2	हिसार	353	333	359	339	235.1
3	जींद	187	153.6	188	193	101.1
4	महेंद्रगढ	179	148	182	172	73.0
5	रोहतक	164	141	177	168	77.0
		1165	975.6	1200	1163	580.8

8 इस से स्पश्ट हो जाता है कि इन जिलों में वर्श 1989 में बोये गये क्षेत्र वर्श 1988 की तुलना में केवल 18.7 प्रति ात कम है लेकिन यह क्षेत्र वर्श 1987 के मुकाबले 67.1 प्रति ात अधिक है। वर्श 1989 में बोये गये क्षेत्र, लक्ष्य क्षेत्र से केवल 16.2 प्रति ात कम है जबकि 1987 के सूखा वर्श में बिजाई लक्ष्य क्षेत्र से मु कल से आधी थी। इसलिए यह कहना ठीक नहीं होगा कि वर्शा की कमी होने के कारण बहुत अधिक क्षेत्र की बीजाई नहीं हो सकी।

9 वर्शा की कमी का खड़ी फसलों पर प्रभाव, यदि कोई हो, जानने के लिए राज्य के कृशि विभाग को प्रारम्भिक नुक्सान के अनुमान तैयार करने के लिए कहा गया था। कृशि विभाग ने अगस्त के तीसरें सप्ताह से पहले फसलों का सामान्य सर्वेक्षण करवाया और उन द्वारा लिये गये दृश्टिय अनुमान के अनुसार खड़ी फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ा था और प्रभावित फसली क्षेत्र निम्न प्रकार थाः—

प्रभावित क्षेत्र(लाख हैक्टेयर में)	नुकसान की सीमा
2.37	25 प्रति ात से कम
0.93	25 से 50 प्रति ात
0.32	50 प्रति ात से उपर

इससे स्पश्ट होगा कि बिजाई किये गये क्षेत्र में से तीन प्रति ात क्षेत्र में पचास प्रति ात से अधिक खराबा है। इस क्षेत्र की मुख्य खरीफ फसल बाजरा है। अगस्त के अंतिम दिनों में हुई वर्शा से न केवल फसलों का नुकसान रूका बल्कि फसल की स्थिति में भी सुधार हुआ है।

10 वर्तमान नार्मज के अनुसार अगर फसल को हानि 25 प्रति ात से कम हो तो कोई सहायता प्रदान नहीं की जाती। अगर फसल का नुक्सान 25 प्रति ात अधिक हो तो राज्य सरकार आबियान के स्थग्न/मुनाफी के बारे विचार करती है और अगर खराबा पचास प्रति ात से अधिक हो तो अल्पाविधि सहकारी ऋणों में तबदील करने पर विचार करती है। मास अक्तूबर में गिरदावरी होगी और अगर खराबा नार्मज के अनुसार पाया गया तो आबियान के स्थगन/मुआफी व सहकारी ऋणों के परिवर्तन बारे विचार किया जायेगा।

11 राज्य की वर्तमान नीति के अनुसार बाढ व सूखा से हुए फसल के नुकसान के लिए कृशकों को कोई नकद मुआवजा नहीं दिया जाता। ओलावृश्टि से फसल को नुकसान होने पर नकद मुआवजा दिया जाता है। सूखा व बाढ से फसलों को नुकसान होने की सूरत में कृशि इनपुट सबसिडी दी जाती है और गिरदावरी परिणाम व उत्पादन के अनुदान प्राप्त होने पर ऐसी अदायगी पर विचार किया जायेगा।

12 वर्श 1989–90 के बजट में 5.75 करोड़ रूपये के मार्जिन मनी की व्यवस्था की गई है जिसमें राज्य व केंद्र सरकार का हिस्सा 50:50 होता है। प्राकृतिक आपदाओं पर खर्चा जिसमें सबसिडी की अदायगी भी भाामिल है इस मार्जिन मनी में से किया जा सकता है। अब तक लगभग 2.00 करोड़ रूपये मार्च, अप्रैल, 1989 में हुई ओलावृश्टि के लिए तथा बाढ की तैयारी व राहत के लिए उपायुक्तों को दिये जा चुके है। राज्य सरकार के पास फिलहाल 4.00 करोड़ रूपये की भोश राि ा उपलब्ध है और अगर यह पाया गया कि कृशक समुदाय (कृशि मजदूरों सहित) को अगर कोई सहायता देय बनती है तो इस राि ा का उपयोग इस उद्दे य के लिये किया जा सकता है। वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह आ ाा की जाती है कि यह राि ा इस वर्श की स्थिति का सामना करने के लिए पर्याप्त होगी। सारी स्थिति का परीक्षण करने के उपरान्त यह अनुभव किया गया है कि भारत

सरकार को केंद्रीय सहायता प्राप्त करने के लिये वित्तीय ज्ञापन प्रस्तुत करने से कोई लाभप्रद उद्दे य पूर्ण नहीं होगा।

13 मैं इस अवसर पर इस महान सदन को वि वास दिलाना चाहूंगा कि कृशकों व कृशि मजदूरों की कठिनाईयों को दूर करने के लिये राज्य सरकार ने हर सम्भव प्रयत्न किये है और ऐसे प्रयत्न किये जाते रहेंगे।

श्री हीरा नंद आर्यः डिप्टी स्पीकर साहब, मंत्री महोदय ने अपने जवाब के अंत में यह कहा है कि भारत सरकार को केंद्रीय सहायता प्राप्त करने के लिये वित्तीय ज्ञापन प्रस्तुत करने से कोई लाभप्रद उद्दे य पूर्ण नहीं होगा। मैं मंत्री महोदय की जानकारी के लिये बता देना चाहता हूं कि पीछे बरसात होने की वजह से अच्छी फसल होने की संभावनाएं बढ गई थी लेकिन अब फिर बरसात की कमी महसूस की जा रही है क्योंकि बरसात न होने की वजह से फसलें खराब होती जा रही है। मैं चाहता हूं कि हमारी सरकार स्पै ाल गिरदावरी करा कर भारत सरकार को एक ज्ञापन दें और ऐप्रोच करें कि हमें और अधिक ग्रांट दीजिए ताकि हम अपने किसानों की मदद कर सकें।

श्री सूरजभानः डिप्टी स्पीकर साहब, हमारे पास पिछला चार करोड़ रूपया बकाया पड़ा हुआ है। जब वह खत्म हो जायेगा तब देख लेंगे। दूसरे केंद्रीय सरार से कोई पैसा मिलने की उम्मीद भी नहीं की जा सकती।

अनुपस्थिति की अनुमति–

श्री सुभाश कटियाल, समाज कल्याण मंत्री को

श्री उपाध्यक्षः आनरेबल मैम्बर्ज, मुझे श्री सुभाश कटियाल, सो ाल वैल्फेयर मिनिस्टर की ओर से एक इंटीमे ान मिली है जो इस प्रकार है–

" I am confined to bed due to an injury and I have been advised complete bed rest by doctors for a period of 15 days. It is, therefore, requested that my absence from the Vidhan Sabha Session starting from today the 11th September, 1989 may pleased be excused."

Question is-

That leave of absence be granted to Shri Subhash Katyal, Social Welfare Minister, for the current session of the Vidhan Sabha.

Voices: Yes.

The motion was carried.

वर्श 1989–90 के सप्लीमैंटरी ऐस्टिमेटस (पहली किस्त) पर चर्चा तथा मतदान

अनुपूरक अनुदानों की मांगों पर चर्चा तथा मतदान

श्री उपाध्यक्षः आनरेबल मैम्बर्ज, अब वर्श 1989–90 के सप्लीमैंटरी ऐस्टिमेटस (फर्स्ट इंस्टालमैंट) पर डिस्क ान होगी।

पहली प्रैक्टिस के मुताबिक और हाउस का टाईम सेव करने के लिये आर्डर पेपर पर रखी गई आल इंडिया डिमांडज फार ग्रांटस पढी एवं मूव की गई समझी जाएगी। आनरेबल मैम्बर्ज किसी भी डिमांड पर डिस्क ान कर सकते है, लेकिन डिस्क ान करने से पहले वह उस डिमांड का नम्बर बता दें, जिस पर बोलना चाहते है। डिस्क ान के बाद डिमांडज हाउस की वोट के लिए पुट की जाएगी।

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10,86,000 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1990 in respect of Demand No. 1-Vidhan Sabha.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 47,25,000 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1990 in respect of Demand No. 13-Social Welfare and Rehabilitation.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 18,20,000 for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1990 in respect of Demand No. 18-Animal Husbandry.

श्री हरनाम सिंह(ाहबाद): डिप्टी स्पीकर साहब, हाउस में जो सप्लीमैंटरी डिमांडज रखी गई है मैं उनका समर्थन करता हूं। डिमांड नम्बर 13 सो ाल वैल्फेयर की है मैं इसका समर्थन

करता हूं लेकिन मैं सो ाल वैल्फेयर के बारे में एक–दो सुझाव रखना चाहता हूं। सबसे पहले मैं अर्ज करना चाहता हूं कि हमारी रेलवेज में विकलांग लोगों को फ्री सफर करने की इजाजत है और पंजाब में भी जो विकलांग लोग है उन्हें पंजाब रोडवेज की बसों में फ्री सफर करने की इजाजत है। मैं समझता हूं कि यह भी सो ाल वैल्फेयर का ही काम है कि जो विकलांग है, लूले और अंधे है, उन्हें हरियाणा रोडवेज की बसिज में फ्री सफर करने की इजाजत दी जाए। यदि इसके लिए ट्रांसपोर्ट डिपार्टमैंट को कोई पैसे की मदद की जरूरत हो तो वह उसे दे दी जाए। इसके साथ ही इसमें यह कहा है कि जो बेसहारा है, जिनका कोई रि तेदार नहीं है और मासिक आय पचास रूपये से कम है उन्हें पचास रूपये मासिक पैं ान दी जाएगी। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं समझता हूं कि जो ऐसे लोग है व विधवाएं है या अधिकतर बीमार और गरीब लोग है जिनका कोई सहारा नहीं है। उनके लिए यह पचास रूपये महीने की पैं ान बहुत कम है और उन्हें कम से कम सौ रूपये महीना पैं ान दी जाए। धन्यवाद।

श्री कैला ा चंद भार्मा(नारनौल): उपाध्यक्ष महोदय, इस समय हाउस के सामने जो सप्लीमैंटरी डिमांडज का प्रस्ताव किया गया है मैं उसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं और मांग नम्बर 13 पर अपनी बात कहना चाहता हूं। उपाध्यक्ष महोदय, वास्तव में इस सरकार के सत्ता में आने के बाद से समाज कल्याण विभाग इतना प्रमुख विभाग बन गया है कि

हरियाणा का आम गरीब, मजदूर, विधवा और बेसहारा लोग इस विभाग से जुड़ गये कई कल्याणकारी योजनाएं चलाने के कारण समाज कल्याण विभाग का जन सम्पर्क बहुत बढ गया है। मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि क्योंकि इस विभाग के कर्मचारियों की संख्या इतनी सीमित है कि वे इस बढे हुए कार्य को ठीक प्रकार से सम्भाल नहीं पा रहे है इसलिए इस विभाग में अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था की जाए। दूर–दूर से आने वाले रोगियों को अटैंड करने वाला कोई कर्मचारी नहीं है जिस कारण बाहर से आने वाले आम लोग परे ाान होते है और उन्हें सही मार्ग द र्ान नहीं मिलता। इस विभाग के कर्मचारियों का वर्क लोड भी बढ गया है इसलिए मेरा निवेदन है कि स्टाफ की संख्या बढानी चाहिए।

डपाध्यक्ष महोदय, मैं एक और सुझाव देना चाहता हूं। वृद्धावस्था पैं ान सौ रूपया मासिक दी गई है। विधवाओं को जिन्हें पहले पचास रूपये पैं ान मिल रही थी हमारी सरकार ने उसको बढाकर 75 रूपये कर दिया है। इस बारे में मैं निवेदन करना चाहूंगा कि महंगाई इतनी ज्यादा बढ गई है कि यह रा ि ा बहुत कम पड़त है। वृद्धावस्था पैं ान सौ रूपये है इसलिए विधवाओं को भी कम से कम सौ रूपये मासिक पैं ान मिलनी चाहिए और नियमित रूप से मिलनी चाहिए। ताकि उन्हें यह न महसूस हो सकें कि दूसरों को उनसे ज्यादा पैं ान मिल रही है। उनके लिए यह पैं ान रा ि ा जीवन–मरण का सवाल है। वृद्धों

को तो पैं ान उनका सम्मान करने के लिए दी गई है लेकिन विधवाओं के लिए तो यह पैं ान रा ि ा गुजारे का साधन है इसलिए उनको यह नियमित रूप से मिलनी चाहिए। आजकल उनको यह पैं ान तीन तीन या चार चार महीने की एक साथ मिलती है। अतः मेरा निवेदन है कि विधवाओं को हर महीनें पैं ान मिलनी चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

श्री दुर्गा दत्त अत्री(राजौंद): उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे सप्लीमेंटरी डिमांडज पर बोलने का अवसर प्रदान किया है इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। सबसे पहले मैं मांग संख्या 1 जोकि विधान सभा के बारे में है, अपने सिफारि ों रखती है और लगातार कई सालों से इसी तरह रख रही है।

श्री उपाध्यक्षः अत्री साहब, यह तो हरियाणा विधान सभा की सप्लीमैंटरी डिमांडज पर डिस्क ान चल रही इसमें पैटी ान कमेटी का जिक कहां से आ गया?

श्री दुर्गा दत्त अत्रीः डिप्टी स्पीकर सर, मैं इसी विशय पर ही बोल रहा हूं। पैटी ांज कमेटी के जो रूल्ज है उनमें अमैंडमैंट के लिए कमेटी ने अपनी सिफारि ों की हुई है लेकिन उन पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। इसलिए मैं आपसे वि ोश रूप से अनुरोध करूंगा कि रूल्ज कमेटी भी फ्रेम कर दी

जाए ताकि जो सिफारि ें लम्बे समय से लंबित चली आ रही है उनका निपटान किया जा सके।

अब मैं मांग नं0 18 पर अपनी बात कहूंगा जो प ाु पालन विभाग के बारे में है। हरियाणा प्रदे ा ज्यादातर कृशि पर निर्भर करता है। हरियाणा में लोगों का अधिकतर अपना धन प ाु धन ही है। इस ओर सरकार को वि ोश ध्यान देने की आव यकता है। इसलिए मैं निवेदन करूंगा कि सरकार हर गांव में एक स्टौकमैन सैंटर का प्रावधान अव य करें। हरियाणा में बहुत से ऐसे गांव है जहां पर प ाुओं के लिए कोई भी डिसपैंसरी नहीं है। 18 लाख 20 हजार रूपये की जो अनुपूरक मांग हाउस के सामने रखी गई है, यह बहुत थोड़ी है। इस पैसे को बढाया जार्ये और कम से कम हर गांव में एक डिस्पैंसरी का अव य प्रावधान होना चाहिए और एक अटैंडैंट प ाुओं के लिए जरूर होना चाहिए। इतना कहकर मैं आपका धन्यवाद करता हूं और इन मांगों का समर्थन करता हूं।

बृज मोहन(जगाधरी): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं मांग नम्बर 13 पर अपने विचार रखना चाहता हूं। मैं किसी बात को रिपीट नहीं करूंगा। मांग नम्बर 13 सो ाल वैल्फेयर के बारे में है। दूसरे सदस्यों ने भी विकलांग, वृद्ध और विधवाओं की पैं ान के बारे में कहा है उसी प्रकार से मैं वृद्धावस्था पैं ान के बारे कहना चाहूंगा। कुछ लोग जिनकी आयु 65 साल से कम है और वे कहीं पौलिटीकल अटैच है उन्हें पैं ान मिल रही है लेकिन

जिनकी आयु 65 साल से ज्यादा है और कोई सहारा नहीं है उन्हें नहीं मिल रही है। कई जगहों पर देखने में आया है कि जिनकों पैं ान मिलनी चाहिए उनको नहीं मिल रही है और जिनको नहीं मिलनी चाहिए वे ले रहे है। जिन लोगों को नहीं मिल रही है वे भाायद हमारा साथ दे दें, हमारी बात को सुन लें, इस सरकार के गुण गा लें लेकिन जो नाजायज तौर पर पैं ान ले रहे है वे हमारी मुखालफत जान–बूझ कर रहे है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि कुछ बी0डी0ओज0 और सरपंचों ने जानबूझ कर भारारत की है। ऐसे लोगों की पैं ान के बारे में दुबारा से जांच–पड़ताल करायी जाये और दूसरे जो लोग अभी पैं ान लिए बिना रह गये है या अभी 65 साल के होने जा रहे है उनके बारे में सोच–विचार करके तहसील लैवल पर या सब–डिवीजन लैवल पर दफतर ठीक ढंग से खोला जाये। उस दफतर में ऐसे कर्मचारी लगायें जाने चाहिए जो उनकी सही सेवा कर सकें। वहां उस दफतर में फार्म भी मिलने चाहिए। फार्मों के बारे में कहते हुए बड़ा दुख होता है कि वे महंगे भाव पर बेचे जा रहे है। गरीब आदमी पैं ान के लिए आत है तो उससे फार्म के पैसे भी लेते है। इसलिए तहसील लैवल पर दफतर खोला जाये और वहां पर ऐसे कर्मचारियों को लगाया जाये जो उन्हें सही गाइडैंस दें और फार्म भी दें। वे अनपढ आदमी होते है इसलिए उन्हें फार्म भी दें और उनका मैडिकल भी फ्री कराये। उनका मैडिकल किसीं न किसी माध्यम से करा ले वरना उन गरीब आदमियों को पैसे देने पड़ते है। इसलिए उनका मैडिकल फ्री होना चाहिए। दूसरे जो लोग

नाजायज तौर पर पैं ान ले रहे है उनकी जांच पड़ताल की जाये। जो लोग बिना पैं ान के रह गये है उनके लिए हर तहसील केंद्र पर दफतर खोल जाये ताकि वे अपनी पैं ान ले सकें। इन भाब्दों के साथ मैं अपना स्थान लेता हूं।

श्री रतन लाल कटारिया(रादौर, अनुसूचित जाति): उपाध्यक्ष महोदय, मैं मांग नम्बर 18 के बारे में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। यह मांग प ाु पालन के विशय में है। आप सभी को पता है कि भारतवर्श मुख्य रूप से कृशि प्रधान दे ा है। यहां के लगभग पचास परसैंट लोग ऐसे है जो गरीबी रेखा के नीचे रहते है। वे अपना गुजारा करने के लिए अधिकतर प ाु धन पर ही निर्भर करते है। आप जानते है कि आज एक भैंस का रेट 7–8 हजार रूपये का है। इसी कारण से आज एक गरीब व्यक्ति उसका दूध बेचकर अपना गुजारा करता है लेकिन देखने में यह आया है कि गांव के अंदर आज भी प ाु हस्पताल नहीं है। अगर प ाु को कोई बीमारी हो जाती है या वह बीमार हो जाता है तो इस कारण से उस गरीब का बहुत बड़ा नुक्सान होत है। वह व्यक्ति जो हर रोज मजदूरी करके किसान के खेत में से घास लाकर प ाुधन पर अपने सारे परिवार का पेट पालता है और निर्भर करता है, अगर उस व्यक्ति का 8–10 हजार रूपये का नुकसान हो जाये तो उसके परिवार का जो ताना–बाना है वह एकदम से बिखर जाता है। इस तरह की बात आज के इस युग में भी हो सकती है इस पर यकीन नहीं किया जा सकता जिस

प्रकार से व्यक्तियों के इलाज के लिये गांव–गांव में मैडिकल फैसिलिटीज होनी अति आव यक है उसी तरह से ही नहीं मैं तो यह कहूंगा कि उससे भी अति आव यक यह बात है कि प ाुधन को बचाने के लिये मैडीकल फैसीलिटीज होनी चाहिए। ताकि तरह तरह की बीमारियों पर रोक लगायी जा सके। इसके लिए इस विभाग को और धन दिया जाना चाहिये। इसलिये आज आव यकता इस बात की है कि इनको प्रोत्साहन देने के लिये जितनी भी ज्यादा से ज्यादा रा ि ा इस बजट के अंदर रखी जाये, वह मैं समझता हूं कम होगी। मैं यह कहूंगा कि इस विभाग की ओर ध्यान देकर ज्यादा से ज्यादा धन का इस बजट के अंदर प्रोवीजन करना चाहिये। इसके साथ साथ मैं मांग नं0 13 जो सो ाल वैल्फेयर के बारे में है यह कहना चाहूंगा कि हरियाणा प्रदे ा की इस लोकप्रिय सरकार ने जिस प्रकार से ओल्ड एज पैं ान की योजना लागू की है इसकी चर्चा हिंदूस्तान के कोने कोने में हमें सुनने को मिलती हैं। हमारा हरियाणा प्रदे ा ही एकमात्र ऐसा प्रदे ा है जिसमें ओल्ड एज पैं ान की यह स्कीम चलायी हुई है। मुझे अपने संगठन के कार्य के लिये कई बार जब दूसरे प्रदे ाों में जाना पड़ता है तो लोग पूछते है कि क्या यह वाकई सच बात है। यह बहुत जबरदस्त स्कीम हमारी इस लोकप्रिय सरकार ने चलायी है। इसके साथ साथ मैं यह कहना चाहूंगा कि जो विकलांग बच्चे है, जिनके परिवार की आय बहुत थोड़ी है और वह पढना चाहते है ऐसे बच्चों को प्रोत्साहन देने के लिये व्यवस्था करना भी इस सरकार का कर्तव्य बन जाता है। मैं

यह चाहूंगा कि अधिक से अधिक रा ि ा इस सो ाल वैल्फेयर डिपार्टमैंट को दी जाये ताकि ऐसे बच्चे पढ–लिख कर इस दे ा की तरक्की में सहयोग दे सकें। मैं इस समाज कल्याण विभाग की मांग के बारे में एक बात और कहना चाहता हूं कि जो गरीब और कमजोर तबके है उनको अपने पैरों पर खड़ा करने के लिये कुछ जमीन आदि खरीदने के लिये लोन दिया जाता था ताकि वह चार–पांच एकड़ जमीन खरीद कर अपना गुजारा कर सकें। भाायद आज वह व्यवस्था नहीं है कि गरीब लोग अपने गुजारे के लिये जमीन खरीद सकें। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि वह इन गरीब लोगों को सस्ती दर पर लोन उपलब्ध करवाये। वैसे तो आज जमीन की कीमतें आसमान छू रहीं है लेकिन फिर भी मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि वह इन गरीब लोगों को सस्ती दर पर लोन उपलब्ध करवायें। वैसे तो आज जमीन की कीमतें आसमान को छू रही है लेकिन फिर भी मैं यह चाहूंगा कि इस प्रकार के गरीब परिवारों को 20,000 रूपये के हिसाब से कम से कम पांच एकड़ जमीन खरीदने के लिये सस्ती दर पर लोन देने का प्रोवीजन किया जाये ताकि वह गरीब भी भारत वर्श की उन्नति का भाग बन सके। ऐसी व्यवस्था अव य होनी चाहिए। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

श्री रघु यादव(रिवाड़ी): उपाध्यक्ष महोदय आज सदन के सम्मुख सप्लीमैंटरी ऐस्टिमेटस (फर्स्ट इन्स्टालमैंट) 1989–90 रखी गयी है। मैं इनकी डिमांड नं0 13 जो सो ाल वेल्फेयर एंड

रिहैब्लीटे ान से संबंध रखती है, पर अपने विचार रखना चाहता हूं। उपाध्यक्ष महोदय, वृद्धावस्था पैं ान 65 साल से बड़े लोगों को सम्मान के रूप में देने की हरियाणा सरकार ने घोशणा की हुई है। उस योजना का अभी तक कोई इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार नहीं हो सका है। उस इंफ्रास्ट्रक्चर के न होने और पैसे की कमी होने की वजह से बूढों को, बुजुर्गों को हर बार पैं ान की किस्त पाने के लिए इंतजार करना पड़ता है। इस समय भी बुजुर्ग अपनी पैं ान की किस्त का इंतजार कर रहे है। (व्यवधान) उपाध्यक्ष महोद, इतनी बड़ी योजना के लिए एक सुव्यवस्थित इंफ्रास्ट्रक्टर होना चाहिये था जोकि नहीं है और बुजुर्गों को हर बार अपनी पैं ान की किस्त पाने के लिए इंतजार करना पड़ता है। यह स्वागत की बात है कि कोई समाज या व्यवस्था अपने बुजुर्गों को सम्मान दे लेकिन हरियाणा सरकार के खजाने पर जो बोझ पड़ा है उस बोझ को पूरा करने के लिये जो हरियाणा में नीतियां बदली गई और लागू की गई वह कोई समाज कल्याण की नहीं कही जा सकती। उपाध्यक्ष महोदय, जब हम पहले हरियाणा के बाहर जाते थे तो वहां के लोग कहते है कि आप उस हरियाणा के है जिसकेबारे में कहा जाता है कि ''दे ाों में दे ा हरियाणा जहां दूध दही का खाना'' ओर अब जब हम कहीं जाते है तो लोग कहते है आप उस हरियाणा के है जिसके बारे में कहा जाता है कि ''दे ाों में दे ा हरियाणा जित बीयर दारू का पीना। इतनी खुली कर दी बीयर और दारू की जगह–जगह भाराब की दुकानें खोल दीं और जगह जगह अहाते खोल दिए। (विघ्न) बुढापा

पैं ान के लिए पैसा जुटाने के लिये सरकार आज गांव गांव गली में भाराब की नदियां बहा रही है।

श्री उपाध्यक्षः इस डिमांड में दारू कहां से आ गई?

श्री रघु यादवः यह समाज कल्याण से संबंधित है। यह सो ाल वैल्फेयर एंड रिहैब्लीटे ान से रिलेट करती है।

Mr. Deputy Speaker: You should confine yourself to demands under discussion. आप डिमांड के बारे में बताएं। कितना अमाउंट है, वह गलत है या ठीक है। आप तो दूसरी बातों पर भाशण देने लग गए।

श्री रघु यादवः भाराब का संबंध समाज कल्याण से है (ाोर एवं व्यवधान) आबकारी नीति ढीली की गई जिसकी वजह से अहाते खोले गए.....

उप मुख्य मंत्री(श्री बनारसी दास गुप्ता): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि जो भी सम्मानित सदस्य बोलें वह रैलेवैंट बोले और डिमांड पर बोले हमारे कई सम्मानित सदस्य ऐसे है जिनकी आदत है कि वे इरैलेवैंट बोलते है और केवल अखबारों में अपना नाम छपवाने के लिये भाशण देते है। जहां भी उनको मौका मिलता है वे सरकार की नुक्ताचीनी करने लग जाते है जिससे कि उनका नाम अखबारों में आ जाए। उपाध्यक्ष महोदय, यह तो बड़ा लिमिटिड सबजैक्ट है। ये केवल डिमांड के ऊपर ही बोलें। ऐसा नियमों के अंदर प्रावधान है।

श्री रघु यादवः मैं तो डिमांड पर ही बोल रहा हूं।

Mr. Deputy Speaker: Mr. Yadav, please be relevant.

श्री रघु यादवः उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि हमारी सरकार के माननीय मंत्रीगण अपने ही अनुकूल बातें सुनना चाहते है। सच्ची टीका टिप्पणी उन्हें पसंरी नहीं है। हमारे मंत्रियों को यह आदत पड़ गई है।

श्री उपाध्यक्षः आप कौन सी डिमांड पर बोल रहे है?

श्री रघु यादवः मैं डिमांड नंबर एक पर बोल रहा हूं। इस डिमांड में 10 लाख 86 हजार रूपये मांगे गए है और इसलिये मांगे गए है कि 16 नए विधायक फलैटों की 25 प्रति ात लागत की अदायगी गवर्नमैंट की तरफ से करनी पड़ी। हरियाणा विधान सभा की दूसरी मंजिल पर अतिरिक्त अधिकारियों की गैलरी की साज सज्जा पर अधिक खर्च करना पड़ा। विधायकों के यात्रा बिलों की अदायगी करने, रेल यात्रा कूपनों की लागत और मंत्रियों तथा विधायकों के प्रयोग के लिए खरीदी गई पुस्तकों पर कुछ अतिरिक्त पैसा देना पड़ा। उपाध्यक्ष महोदय, इस सदन में जो सम्मानित विधायकगण आए है और मंत्रीगण बैठे है व जनता के सेवक है। सेवा करने के लिये अगर कुछ खर्चा होता है तो वह विधान सभा की मांग में आता है। इसमें कोई विरोध की बात नहीं हो सकती। उपाध्यक्ष महोदय, जब कांग्रेस की हकूमत थी तो उस समय एक मुख्य मंत्री ने चालीस मंत्री और चेयरमैन बना दिए

थे तो हम सब ने उस वक्त इसके विरूद्ध भाोर किया था। हमने इसको गलत बताया था। चौधरी देवी लाल और हम कहा करते थे कि ये एक अली बाबा और चालीस चोर है। हम उस वक्त कहते थे कि इस छोटे से प्रांत के खजाने पर इतना ज्यादा बोझ डालना अच्छा नहीं है। हम पब्लिक मंच से कहते थे कि अगर हम सत्ता में आए तो छोटी मिनिस्ट्री बनाएंगे लेकिन आज हरियाणा में स्थिति विपरीत है।.....

श्री बनारसी दास गुप्ताः उपाध्यक्ष महोदय, इस बात का डिमांड से कोई ताल्लुक नहीं है।

श्री उपाध्यक्षः आप विधान सभा को क्रिटीसाइज कर रहे है, यह ठीक नहीं है। आपको अढाई साल मैम्बर बने हो गए है। आपको पता होना चाहिए कि डिमांड पर क्या बोलना है। Do not waste the time of this august House.

श्री रघु यादवः मैं विधान सभा को क्रिटीसाइज नहीं कर रहा हूं और न ही विधान सभा के किसी सम्मानित सदस्य को क्रिटीसाइज कर रहा हूं। आज हरियाणा प्रांत का हर व्यक्ति यह महसूस कर रहा है कि हरियाणा प्रांत एक छोटा सा प्रांत है। उसका खजाना सीमित है। उस पर ज्यादा बोझ नहीं डालना चाहिए। हम तो पहले ही चालीस मंत्री और चेयरमैन का ही विरोध करते थे और उनको एक अली बाबा और चालीस चोर कहते थे।.....उपाध्यक्ष महोदय, मैं तो यह

कहना चाहता हूं कि विधान सभा के सदस्य पब्लिक ट्रस्ट के ट्रस्टीज है।

श्री बनारसी दास गुप्ताः उपाध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि विधान सभा के हैड से मंत्रियों की तनखवाह और चेयरमैन की तनखवाह नहीं बांटी जाती। अगर मिनिस्ट्री का साइज बड़ा भी कर दें तो इसका बोझ विधान सभा के हैड पर नहीं पड़ता।

श्री रघु यादवः मुझे मंत्री मंडल से कोई ि ाकायत नहीं है.....है। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्षः इन सब बातों को कहने की डिमांड से क्या रैलीवैंसी है?

श्री रघु यादवः उपाध्यक्ष महोदय,.....तब भी मुझे कोई आपति नहीं है। (ाोर एवं व्यवधान)। मतलब तो जन सेवा से है।

राजस्व मंत्री(श्री सूरज भान): उपाध्यक्ष महोदय, इस तरह इररैलेवैंट बोलने वाले को बंद करने का एक ही तरीका हो सकता है कि ऐसी बातों को रिकार्ड में ही न लाया जाए।

श्री उपाध्यक्षः ठीक है। यह जो मिनिस्टरों वाली बात है यह ऐक्सपंज कर दी जाए।

श्री रघु यादवः उपाध्यक्ष महोदय, मेरे विचार में तो कोई बात इरैलेवैंट नहीं है। मंत्री महोदय जो कुछ कह रहे है, वह गलत है। मैं तो डिमांड पर ही बोल रहा हूं।

Mr. Deputy Speaker: Mr. Yadav, you are speaking irrelevant. It is my ruling and my judgement. You please sit down.

श्री रघु यादवः यदि यह आपकी रूलिंग है तो ठीक है। मतलब तो हमारा जनता की सेवा से है। हमें इसमें कोई फर्क नहीं पड़ता.....(ाोर एवं व्यवधान)

मुद्रण तथा लेखन सामग्री राज्य मंत्री(श्री मनफूल सिंह): उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि चौधरी देवीलाल जी ने हमारे कुछ ऐसे सदस्य बनवाये है जिनको बनवा कर उन से बड़ी भारी भूल हुई है। उन आदमियों को इस हाउस की गरिमा का ही पता नहीं है। अगर उनको हाउस की गरिमा का पता हो तो वे कम से कम इन बातों को सीख लें कि सदन में कैस बोला जाता है। मैं यह दावे के साथ कह सकता हूं कि जितना काम चौधरी देवीलाल जी के नेतृत्व में इस सरकार ने किया है, भाायद ही हिंदुस्तान की किसी स्टेट में ऐसा हुआ हो। अगर उन्होंने कोई बात करनी है तो वे फील्ड में जाकर करैं या मुख्य मंत्री महोदय जी के कमरे में जाकर करें। अगर कोई उनके दिल में गिला ि ाकवा है तो वे वहां जाकर कह सकते है। यहां कोई

बोलने का उनका ढंग सही नहीं है। इसलिए उपाध्यक्ष महोदय, मेरी आपसे प्रार्थना है कि ये जो इस तरह की बातें यहां परकह रहे है इसको रिकार्ड में से निकाल दिया जाए। पहले भी जब उप–मुख्यमंत्री महोदय बोल रहे थे तो ये इसी तरह से बार बार बीच में उठकर रोक टोक कर रहे थे जोकि इस हाउस की गरिमा के विरूद्ध था। उपाध्यक्ष महोदय, हमारे पास इतना फालतू समय नहीं है कि हम इनकी इस तरह की बेमतलब, बतुकी बातें सुन सकें। इनकों यहां पर इस तरह की बातें कहने से रोका जाना चाहिए या फिर इन्हें फिल्म इंडस्ट्री में भेजा जाए या इटली जैसे मुल्क में भेज दिया जाए जहां कि ऐसे आदमियों की सख्त जरूरत है।

श्री रघु यादवः उपाध्यक्ष महोदय.....
.....

श्री उपाध्यक्षः मिस्टर रघु यादव, आप चूंकि अनपार्लियामेंटरी लैंग्वज बोल रहे थे इसलिए ये सारी बातें रिकार्ड पर नहीं आएगी। You please take your seat. Now, Mr. Bhagwan Sahai Rawat will speak.

श्री भगवान सहाय रावत(हथीन): उपाध्यक्ष महोदय, जो तीन अनुपूरक मांगें यहां पर प्रस्तुत की गयी है, मैं उन मांगों के विशय में बड़े संक्षिप्त में अपने विचार रखना चाहूंगा। प्रथम मांग विधान सभा से संबंधित है जिसमें विधायाको, मंत्रियों और उनके फलैट व लायब्रेरी के लिये पुस्तकें खरीदने संबंधी प्रोवीजन है।

इसमें जो खर्च हुआ है उस की अनुमति मांगी गयी है। उपाध्यक्ष महोदय, आज जहां हमारी सरकार आर्थिक क्षेत्र में बधाई की पात्र है वहां नि चत रूप से यह सरकार वास्तविकता में जन प्रतिनिधित्व करती है। मैं समझता हूं कि हमारे सांझे मोर्चे के इतने सदस्य यानी नब्बे में से छियासी प्रतिनिधि जो लोगों ने चुनकर यहा ंपर भेजे है यह इस बात का प्रतीक है कि जनता की इस मोर्चे पर कितनी आस्था है। उपाध्यक्ष महोदय, आप जानते है कि जनता का कार्य करने के लिये, उनकी सुख–सुविधाओं का ध्यान रखने के लिये और हरियाणा से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिये जो आव यक खर्चे है वे जुटाने पड़ते है। मुझे इस बात की खु ी है कि जहां हरियाणा राज्य अन्य क्षेत्रों में अग्रणी होता जा रहा है वहां नये बिल यहां ला कर के, नये नये काम भुरू कर के यह सरकार दे ा के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। जो बुद्धि जीवी लोग यहां पर चुन कर आते है उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे यहां आकर रैलेवैंट बात करें। मैं चाहता हूं कि इसमद को और बढाया जाए। हमारी लाइब्रेरी के लिए और फंड दिए जाएं ताकि माननीय सदस्यों को ज्ञान प्राप्त करने की और सुविधा मिल सके। मैं इस मांग का समर्थन करता हूं।

अब मैं मांग संख्या 13 जो समाज कल्याण से ताल्लुक रखती है, पर कुछ कहना चाहता हूं। इसमें अपंग आदमियों के लिये आय सीमा पचास रूपये नि चत की गई है। मैं चाहता हूं

कि या तो इसको खत्म ही कर दें वरना इसको बढा दें। पचास रूपए आमदनी की रिस्ट्रिक ान लगाना ठीक नहीं है। इस सरकार ने पैं ान के लिए भी उदारवादी नीति अपनाई है। यहां पर हैंडीकैप्ड को पें ान देने का प्रावधान रखा गया है। इस बारे में एक दो बातें रह गई है अगर इनको भी दूर कर दिया जाए तो नि चत रूप से यह स्कीम बहुत सराहनीय होगी। इसमें सरकार की नीति का दोश नहीं है बल्कि लोकल पोलिटिकस के कारण ऐसी बात होती है। इसमें कमी यह है कि आज भी अधिकां ा लोग भारत और हरियाणा में ग्रामों में बसते है। वहां परजो उमर का रिकार्ड रखा जाता है वह ठीक दृश्टि से नहीं रखा जाता। पहले हमारे यहां चौकीदार और नम्बरदार सिस्टम होता था। उस समय इनके माध्यम से जन्म की तारीख रिकार्ड की जाती थी। लेकिन चूंकि अब हमारी सरकार ने रैवेन्यू बंद कर दिया है इसलिए ये सिस्टम बंद हो गए। मेरा सुझाव है कि आने वाली पीढी के लिए कम से कम ऐसा प्रावधान सरकार करे जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में भी म्यूनिसिपल कमेटियों की तरह रिकार्ड मैनटेन किया जाए। ऐसा करने से आयु का पता लगाने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। इन सुझावों के साथ मैं इन सभी डिमांडज का समर्थन करता हूं।

श्री हजार चंद(सिरसा): उपाध्यक्ष महोदय, मैं मांग संख्या 13 और 18 के बारे में कुछ सुझाव देना चाहूंगा। मांग संख्या 13 में वृद्धावस्था पैं ान, विधवाओं की पैं ान तथा विकलांगों को पैं ान देने का प्रावधान है। इस बात से कोई इंकार नहीं कर

सकता और हर आदमी यह मानता है कि हरियाणा सरकार ने जो पैं ान देने की व्यवस्था की है यह एक महान काम है। लेकिन इसकी तकसीम में कुछ ऐसी कमजोरियां है जिनसे कई लोगों को पैं ान नहीं मिल पाती और वे बहुत परे ाान है। उनकी परे ाानी का फायदा कुछ लोग प्रचार की सूरत में उठाने की कोि ा ा करते है। मेरा सुझाव है कि हर हल्कें के अंदर जितने भी पैन् ानर है उनकी एक लिस्ट हल्कें के एम0एल0ए0 के पास लाजमी होनी चाहिए। पिछले सै ान में यह बात मानी गई थी। उससे यह फायदा होगा कि जिन लोगों ने नाजायज पैं ान लगवा रखी है उनको एम0एल0ए0 के पास लाजमी होनी चाहिए। पिछले सै ान में यह बात मानी गई थी। उससे यह फायदा होगा कि जिन लोगों ने नाजायज पैं ान लगवा रखी है उनको एम0एल0ए0 चैक करके आगे रिपोर्ट कर सकेगा और जिन लोगों की पैं ान नहीं लग पाई यानी कमेटी उन लोगों को किसी वजह से नजर अंदाज कर आई, उनके बारे में भी एम0एल0ए0 देख सकेगा और आगे अफसरों को उसकी रिपोर्ट देगा। एक सुझाव मैं और देना चाहूंगा कि पैं ान की तकसीम का सिलसिला डाकखाने के डाकिए के जरिए होता है। उस डाकिए के उपर सरकार का कोई कंट्रोल नहीं है। न सरकार उसकी जवाब तलबी कर सकती है और न उसको सस्पैंड कर सकती है क्योंकि यह सैंट्रल गवर्नमैंट का मुलाजिम है। डाकियों ने इस तरह का ढंग बना रखा है कि वे बगैर कमी ान के पैं ान नहीं देते। यदि उसको कमी ान नहीं दिया जाता तो वह रिपोर्ट कर देता है कि इस गांव में इस नाम

का कोई आदमी नहीं है। यहां तक मिसाल है कि डाकिया ऐसी रिपोर्ट भी कर देता है कि यह आदमी मर चुका है जबकि वह आदमी जिंदा है। इस तरह से डाकियों द्वारा पैं ान कीतकसीम करवाई जा रही है जिससे बहुत बदइंतजामी चल रही है। मेरी प्रार्थना है कि ऐसा सिस्टम बनाया जाए जिसके तहत हमारी सरकार के कंट्रोल में पैं ान की तकसीम हो ताकि ठीक ढंग से पैं ान का भुगतान हो सके। इसके अलावा मैं विकलांगों की पैं ान के बारे में कहना चाहूंगा। विकलांगों के बारे में यह है कि यदि कोई सत्तर परसैंट डिस–एवलड होता है तो उसकी पैं ान मंजूर हो जाती है वरना नहीं होती। जिस आदमी का हाथ का पूरा पंजा कट जाता है उसको सत्तर परसैंट डिसएबल्ड नहीं माना जाता जबकि हाथ का पूरा पंजा कट जाने पर आदमी कोई काम नहीं कर सकता। पंजा कट जाने से आदमी किसी लायक नहीं रहता। मेरी अर्ज है कि ऐसे आदमी को भी सत्तर परसैंट डिसएबल्ड माना जाना चाहिए और उसको वही सहूलियतें दी जानी चाहिएं जो एक विकलांग को दी जाती है।

इसके अलावा मैं मांग संख्या 18 के बारे में अपने विचार प्रकट करना चाहूंगा। इस बारे में मैं सुझाव देना चाहूंगा कि प ाुधन केंद्र हर गांव में खोले जाने चाहिएं क्योंकि अगर एक आदमी बीमार हो जाता है उसको किसी व्हीकल पर दो चार मील तक ले जाया जा सकता है लेकिन अगर कोई प ाु बीमार हो जाए तो उसको उठा कर कहीं पर नहीं ले जाया जा सकता।

इसलिए प ा के ईलाज के लिए गांव में ही प ाधन केंद्र होना चाहिए। यदि हर गांव में प ाधन केंद्र खोल दिया जाए तो बहुत अच्छा काम होगा। इन सुझावों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं।

उप मुख्यमंत्री(श्री बनारसी दास गुप्ता): उपाध्यक्ष महोदय, बहुत छोटी सी रकम अनुपूरक मांगों की भाक्ल में विधान सभा के सामने प्रस्तुत की गई है। जहां हमारा दो हजार करोड़ रूपए के लगभग का बजट है उसमें केवल 76 लाख 31 हजार रूपए की ये डिमांड पे ा की गई है। आप सभी जानते है कि जब साल का बजट तैयार किया जाता है तो उस समय कुछ बातें ऐसी होती है जो नजर में नहीं आती। हालात कुछ ऐसे बन जाते है, भत्ते, पैं ान बढा दिए जाते है या कुछ और खर्चा आ जाता है, ऐसे खर्चों को पूरा करने के लिए हमें सदन के सामने अनुपूरक मांगे प्रस्तुत करनी पड़ती है। ऐसे खर्चों के कारण ये डिमांडज सदन के सामने प्रस्तुत की गई है। ये अनुपूरक मांगें 76 लाख 31 हजार रूपए की है जिसमें नौन प्लान की रकम 10 लाख 86 हजार रूपए है और योजनागत प्लान की रकम 65 लाख 45 हजार रूपए है। उपाध्यक्ष महोदय, अभी जिक्र चल रहा था कि प ाओं में एक बड़ी भयंकर बीमारी फैल जाती है और उस बीमारी का जो प ा ि ाकार हो जाता है वह मर जाता है। उससे किसान को बहुत भारी आघात पहुंचता है क्योकि आप सभी जानते है कि आजकल दस या पंद्रह हजार रूपए से कम कीमत में एक भैंस नहीं

मिलती। प ाुओं की कीमत बहुत ज्यादा बढ चुकी है यदि किसी गरीब किसान की भैंस, गाया या बैल मर जाए तो उसको बड़ा भारी आघात पहुंचता है, उसको बड़ी भारी चोट लगती है। उस महामारी को डरैडिड कैटल प्लेट कहते है। इस बीमारी को समाप्त करने के लिए भारत सरकार की तरफ से एक स्कीम चाल की गई है जिसका नाम आप्रे ान रैंडरपैस्ट जीरों स्कीम है। इस दे ा से इस सारी बीमारी को समाप्त करने के लिए यह स्कीम चालू की गई है। इस स्कीम के लिए भारत सरकार की ओर से हमें केंद्रीय सहायता के रूप में 18 लाख बीस हजार रूपए प्राप्त हुए है। यह रकम 76 लाख 31 हजार रूपए में से निकालने के बाद जो 58 लाख 11 हजार रूपए बचते है यह हमारे बजट पर ऐक्स्ट्रा बर्डन पड़ेगा। इस पैसे की मंजूरी के लिए मैं सदन के सामने प्रस्तुत हुआ हूं। उपाध्यक्ष महोदय, विधान सभा के लिए दस लाख छियासी हजार रूपये की मांग रखी है। इस रूपए के लिए अतिरिक्त मांग इसलिए रखनी पड़ी क्योंकि पिछले दिनों विधायकों के कुछ भत्ते और टेलीफोन के खर्चे बढाए गए थे। इसके अलावा, उपाध्यक्ष महोदय, विधान सभा हाल में जो हमारे आफिसर्ज के बैठने के लिए गैलरी है वह पहले बिल्कुल बैठने लायक नहीं थी। हमारे आफिसर्ज को सै ान के दिनों में यहां पर लगातार छः–छः घंटे बैठना पड़ता है। अब इस गैलरी को फर्नि ा किया गया है। इसी प्रकार से कुछ पुस्तकें विधान सभा की लाइब्रेरी के लिए नई खरीदी गई है ताकि हमारे बुद्धिजीवी एम0एल0एज0 और मंत्री इन किताबों को पढ कर इनसे कुछ लाभ

उठा सकें। उपाध्यक्ष महोदय, आपको तो सारा पता है क्योकि आप तो स्वयं हाउस कमेटी के चेयरमैन है। जब भी हमारे यहां सै ान होता है और सभी मैम्बर्ज इक्ट्ठा हो जाते है तो एम.एल.ए. होस्टल के अंदर हमारे दो दो विधायकों को एक–एक कमरे में इक्ट्ठा करने के बावजूद भी जगह नहीं मिल पाती। इसलिए इस समस्या को देखते हुए अब विधायकों के लिए सौलह नये कमरे तैयार किये जा रहे है। इन सौलह कमरों पर जो खर्चा आएगा उसका पच्चीस प्रति ात खर्चा हरियाणा सरकार को देना होगा और बाकी खर्चा चंडीगढ ऐडिमिनिस्ट्रे ान को देना होगा। इस सभी खर्चों की वजह से ही हमें विधान सभा के लिए यह अतिरिक्त मांग प्रस्तुत करनी पड़ी।

उपाध्यक्ष महोदय, अगली मांग समाज कल्याण विभाग की है। इसमें विकलांगों को पैं ान देने की बात कही गई है। अब हमने विकलांगों को पैं ान देने की नीति को कुछ और उदार बनाया है। इस नीति के तहत 9667 बैनिफि ारीज की संख्ख्या पहले की अपेक्षा बढ गई है। उपाध्यक्ष महोदय, जैसा आपको पता है और सभी को पता है कि यह सरकार वृद्धावस्था पैं ान हरियाणा के लोगों को दे रही है। अब इस नीति के तहत इसमें काफी नए लोग भाामिल हो गए है, जिनकों हमें पैं ान देनी पड़ी है। मेरे कहने का मतलब यह है कि जो लोग पहले 65 वर्श के नहीं थे और अब 65 वर्श के हो गए है, वे भी अब हमने पैं ान मिलने वालों में भाामिल कर लिए है जिनकी वजह से यह संस्था

बढ गई है। उपाध्यक्ष महोदय, यहां पर सदस्यों ने बार बार बोलते हुए यह कहा कि कुछ ऐसे लोगों को पैं ान दी जा रही है जिनको नहीं दी जानी चाहिए और जिनको दी जानी चाहिए उनको पैं ान नहीं मिल रही। यह ठीक है कि ऐसा नहीं होना चाहिए लेकिन इस बड़े पैमाने पर जब कोई काम हो तो उसमें कहीं न कहीं कोई न कोई गड़बड़ हो ही जाती है और इस मामले में गड़बड़ हुई भी है। इन्हीं कमियों को दूर करने के लिए सरकार ने एक स्कूटनी कमेटी बनाई है। हर डिस्ट्रिक्ट पर उनको यह छानबीन करने के लिए भेजा जाता है कि आया कोई गलत आदमी तो पैं ान नहीं ले रहा है। इसके अतिरिक्त हमारे मुख्य मंत्री ने अपने तमाम विधायकों, मंत्रियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के जिम्में यह काम लगाया हुआ है कि वे भी इस बात का ध्यान रखें कि कहीं पर किसी गलत आदमी को पैं ान न मिले। हमारे सदस्य इस बात की बार बार ि ाकायत करते है कि जो इलीजिबल है उनको पैं ान नहीं दी जा रही है और जो इन–इलीजिबल है उनको पैं ान दी जा रही है। मैं अपने इन साथियों को कहना चाहता हूं कि वे अपने अपने हल्के की पूरी लिस्ट तैयार करके रखें और अपने अपने क्षेत्रों में जा कर देखें कि वृद्धावस्था पैं ान जिनको मिलनी चाहिए उनको मिल रही है या नहीं। कोई ि ाकायत उनके नोटिस में आये तो वे संबंधित डी0सी0 के पास जाएं और उस बारे में बताएं। हमारे मुख्य मंत्री महोदय द्वारा तमाम डी0सीज0 को ये आदे ा दिए हुए है कि यदि कोई विधायक या मंत्री वृद्धावस्था पैं ान के बारे में कोई सूची पे ा

करता है तो उसको स्वीकार किया जाये। इन ि ाकायतों को दूर किया जा सकता है अगर हमारे साथी विधायक इसमें अपनी रूची लें। सरकार तो अपनी ओर से कोि ा ा करती ही है। पिछले दिनों मुख्य मंत्री महोदय ने इस संबंध में तमाम डी0सीज0 की एक मीटिंग भी बुलाई थी और इस बात पर पूरी तरह से और ठीक ढंग से लागू किया जाये ताकि हर अधिकारी व्यक्ति को इस का लाभ मिल सकें। सरकार ने इस नीति की कमियों को दूर करने के लिए कुछ डी.सीज. की एक कमेटी भी बनाई थी। उस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। जो योजना अब बनाई गई है उससे मैं यह तो नहीं कहता कि इससे तमाम कमियां दूर हो जाएंगी लेकिन काफी हद तक ये ि ाकायतें दूर हो जाएंगी। कम्बोज साहब ने यह बात ठीक कहीं है कि डाकियों द्वारा जो पैं ान दी जाती है उसमें गड़बड़ होती है। इस संबंध में मैं अपने साथियों को यह बताना चाहता हूं कि इसमें गड़बड़ इसलिए भाुरू हुई है क्योंकि इसमें अब कष ान भाुरू हो गई है। हम लोगों को इस चीज से भी निकालना चाहते है। हमने डिप्टी कमि नर्ज की जिम्मेदारी लगाई है कि हम अपनी एक नयी एजैंसी तैयार करें, कोई ऐसा केडर तैयार करें जिसके द्वारा हम इस पैं ान का भुगतान करवा सकें और डिस्ट्रीब्यू ान करवा सकें। मेरे साथी श्री रघु यादव ने कहा कि 3—3 या 4—4 महीने की पैं ान मिलती है और कभी कभी मिलती ही नहीं, यह पैं ान हर महीने मिलनी चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, पोस्ट आफिस विभाग भारत सरकार का विभाग है। उन्होंने हमसे यह बात साफ तौर से कही है कि यदि हर महीने

मनिआर्डर्ज भेजे जाएंगे तो हमारे पोस्टमैंन और पोस्ट आफिसर्ज इस काबिल नहीं है कि सारे मनिआर्डर्ज हर महीने डिस्ट्रीब्यूट कर सकें। इसलिए चार–चार महीने की पैं ान हमने साल में तीन बार भिजवानी पड़ रही है। जून तक की पैं ान सभी को भेजी जा चुकी है और अगल चार महीने जब समाप्त हो जाएंगे तो सभी को पैं ान भिजवा दी जाएगी। इस परपज के लिए 47.25 लाख रूपए की अतिरिक्त मांग समाज कल्याण विभाग के लिए रखी गई है। 18.20 लाख रूपये की ऐडी ानल डिमांड प ाु पालन विभाग के लिए रखी गई है जो प ाुओं के अंदर फैली महामारी को दूर करने के लिए और अन्य योजनाएं भाुरू करने के लिए रखी गई है। इन सब बातों पर हमारे कुछ सदस्य बोले, उन्होंने कुछ नये सुझाव भी दिये। डाक्टर हरनाम सिंह जी ने विकलांगों को रोडवेज की बसों की फ्री यात्रा की सुविधाएं प्रदान करने के लिए कहा है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने साथी को सूचित करना चाहता हूं कि जो अंध है या अंगहीन है उनको यह सुविधा पहले ही दी हुई है और उन्हें रोडवेज की बसों में फ्री ट्रैवल करने की इजाजत है। जो विकलांग आर्टीफिि ायल अंग बनवाने हेतु साकेत अस्पताल में आते है उनको भी रोडवेज की बसों में मुफत यात्रा की सुविधा है। सभी विकलांगों को फ्री बस सुविधा उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव अभी सरकार के सामने नहीं था क्योंकि इसमें फाईन ाल इम्पलीके ान बहुत ज्यादा होगी लेकिन फिर भी इस पर विचार किया जा सकता है। विधवाओं की पैं ान के बारे में श्री कैला ा चंद भार्मा जी ने कहा कि 75 रूपए बहुत कम है।

उपाध्यक्ष महोदय, आपको पता ही है कि पिछले ही दिनों 1.4.1989 से लोगों की इन्कम पचास रूपये से बढा कर 75 रूपये की गई है। जिन लोगों की इन्कम पचास रूपये से कम थी पहले उन्हीं को पचास रूपये की पैं ान मिलती थी लेकिन अब इंकम की सीमा हमने पचास रूपये से बढा दी है। उपाध्यक्ष महोदय, मंत्री साहब ने प ाु पालन के बारे में कहा कि इस बीमारी से प ाुओं को बचाने के लिए प्रबंध किए जाएं, हम ऐसा कर रहे है। मेरी सभी साथी विधायकों ने जो बातें यहां पर कहीं है जहां तक हो सकता था मैंनें उनके उत्तर देने की कोि ा ा की है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक और बात कहना चाहूंगा कि मेरे साथी रघु यादव जी गलत बात तो आप कहते हे लेकिन इल्जाम मुझ पर लगा देते है कि गलत बात कह दी। (विघ्न) उपाध्यक्ष महोदय, मैं सिद्ध करूंगा कि ये आरोप गलत है आप इन्हें बिठाइयें। यह गलत बोल रहे थे। बात विधान सभा के हैड की कर रहे थे लेकिन वहां से मंत्रियों की संख्या पर जा पहुंचे और कहा कि मंत्रियों की संख्या बढा ली जब कि मंत्रिमंडल छोटा होना चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, मंत्रियों की संख्या का विधान सभा के हैड से क्या ताल्लुक है? विधान सभा का हैड अलग है। मंत्रियों को जो तन्खवाह मिलती है उसका हैड अलग है। कार्पोरे ान और बोर्डों के चेयरमैनों को दूसरे हैड से पेमैंट मिलती है। मंत्रियों को पार्लियामैंटरी हैड से तन्खवाह मिलती है। (विघ्न) ये विधान सभा की ऐडी ानल डिमांड पर बोल रहे थे उसमे मंत्री

और चेयरमैन कहां से आ गए? (विघ्न) उपाध्यक्ष महोदय, ये मंत्रियों की संख्या को किटीसाईज कर रहे है। उपाध्यक्ष महोदय, आपने हरियाणा के अंदर एक कहावत सुनी होगी। किसी चौधरी के लड़के की भाादी थी। गांव का एक आदमी उसके पास गया और पूछने लगा कि बारात में कितने आदमी ले जाओंगे? चौधरी ने बारातियों की एक लम्बी लिस्ट बना रखी थी और वह उस लिस्ट में लिखें नाम उस व्यक्ति को बताने लगा। जब उस व्यक्ति ने अपना नाम इस लिस्ट में सुन लिया तो चौधरी से बोला बस रहने दो इतने ही आदमी काफी है क्यों ज्यादा भीड़–भड़ाका कर रहे हो। उपाध्यक्ष महोदय, ये तो स्वयं को बारातियों में भुमार देखना चाहते है।

अगर श्री रघु यादव जी का नाम आ जाता है तो चाहे पचास का मंत्रिमंडल बना लें तो भी इनको कोई एतराज नही। अब इनका नाम नहीं आया तो इनको एतराज है कि मंत्रिमंडल बहुत लम्बा हो गया, बहुत बड़ा हो गया।

Shri Raghu Yadav: On a point personal explanation under Rule 63. He is casting aspersions on me. (Interruptions) आप जैसे लोग जिस मंत्रीमंडल में हो उसमें मैं भाामिल ही नहीं होना चाहता। (ाोर)

श्री उपाध्यक्षः रघु यादव जी आप बैठिए। गुप्ता जी रिप्लाई दे रहे है, इसमें कोई ऐसी बात नहीं है। आप बैठिएं (ाोर एवं व्यवधान)

श्री बनारसी दास गुप्ताः उपाध्यक्ष महोदय, मेरी बात पूरी होने दें। बाद में आप इनको समय दे दें। (ाोर एंव व्यवधान)

Shri Raghu Yadav: On a point of personal explanation, Sir.

Mr. Deputy Speaker: Mr. Yadav, please take your seat.

श्री बनारसी दास गुप्ताः उपाध्यक्ष महोदय, जब मेरी बात पूरी हो जाए आप बे ाक इनको समय दे देना, उस वक्त ये अपनी बात कह लें। उपाध्यक्ष महोदय कई मैम्बर साहेबान को यह आदत पड़ गई है कि वे बीच में बोलने लग जाते है।

श्री रघु यादवः आन ए प्वायंट आफ पर्सनल ऐक्सप्लेने ान सर। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्षः आप बगैर इजाजत के बोल रहे है। आप यह तो बतायें कि किस चीज पर बोल रहे है। आप हमे ाा ही बगैर परमि ान के बोलते है। मैंने आपकों कब इजाजत दी है कि आप बोलें?

श्री बनारसी दास गुप्ताः उपाध्यक्ष महोदय, पहले मेरी बात सुनिये। मैं इस सदन का अध्यक्ष भी रहा हूं। अगर कोई पर्सनल ऐक्सप्लेने ान की बात हो तो मेरी बात समाप्त होने के बाद श्री रघु यादव जी आपसे रिक्वैस्ट करें और आप इन्हें समय

दे दें, मुझे कोई एतराज नहीं है लेकिन बीच में खड़ा हो कर बोलने का कोई तरीका नहीं है।

श्री उपाध्यक्षः रघु यादव जी आप सदन की गरीमा का भी ख्याल रखें।

श्री बनारसी दास गुप्ताः उपाध्यक्ष महोदय, अभी आपके सामने यह फरमा रहे थे कि जिस मंत्रिमंडल में गुप्ता जी हों उसमें मैं आना ही नहीं चाहता। उपाध्यक्ष महोदय जिस दिन चौधरी देवी लाल के मंत्रिमंडल में तीन चार मंत्रियों को भापथ दिलायी गई थी, मैं उसी दिन भापथ ले कर आ गया था। उसके बाद इन्होंने सिफारि ा भेजही कि मुझे मंत्रिमंडल में भाामिल किया जाये और ऐस आनरेबल आदमियों की भेजी जिनका नाम मैं यहां हाउस मे नहीं लेना चाहता। उनकी सिफारि ा मेरे पास भी आयी और मुख्य मंत्री जी से भी कहा कि ये बहुत अच्छे लड़के है, पढे–लिखे है, अभी मैम्बर बने है इसलिये आप उन्हें मंत्रिमंडल में ले लें। मैंने चौधरी देवी लाल जी को कहा कि एक गलती आप कर चूके है दूसरी गलती न करना।

श्री उपाध्यक्षः एक गलती, क्या थी, वह समझ मैं नहीं आयी।

श्री बनारसी दास गुप्ताः श्री रघु यादव को विधान सभा का मैम्बर बनवा दिया। यह गलती की थी। श्री रघु यादव जी ने तीन बार विधान सभा का इलैक ान लड़ा लेकिन अढाई हजार से

अधिक वोट नहीं आये। इन भाब्दों के साथ मैं सदन में प्रार्थना करता हूं कि इन अनुपूरक मांगो को पास किया जायें।

वैयक्तिक स्पश्टीकरण–

(1) **श्री रघु यादव द्वारा**

Shri Raghu Yadav: On a point of personal explanation under Rule 63.

Mr. Deputy Speaker: All right. Please be relevant and do not cross the limits.

श्री रघु यादवः उपाध्यक्ष महोदय, अभी उप–मुख्य मंत्री महोदय ने कहा कि मैं मंत्रिमंडल में भाामिल होना चाहता था और मुझे नहीं लिया गया। उपाध्यक्ष महोदय, 27 फरवरी, 1989 को हरियाणा भवन में सुबह सात बजे कांफैड के सवाल के बारे मे चीफ मिनिस्टर साहब ने कहा कि आप अपनी स्टेटमेंट वापिस ले लें। मेरे सामने खुद मुख्य मंत्री ने..... कहा कि आप अपनी स्टेटमेंट वापिस ले लें, मैं आपको मंत्री मंडल में भाामिल कर लेता हूं।

श्री उपाध्यक्षः गिड़गिड़ा कर भाब्द को एक्सपंज किया जाये। ऐसा कहना ठीक नहीं है।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री(श्री बीरेंद्र सिंह): डिप्टी स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री जी के विशय में ऐसे भाब्दों का

इस्तेमाल करना अ ाोभनीय है। ये ऐक्सपंज होने चाहिये। उन्हें ऐसे भाब्द इस्तेमाल नहीं करने चाहिए।

श्री उपाध्यक्षः मैंने पहले ही ऐक्सपंज करवा दिये है।

श्री रघु यादवः 27 फरवरी, 1989 को खुद मुख्य मंत्री महोदय ने कहा कि कांफैड के मामले पर कंट्राडिक ान दे दें और आप मंत्री पद का भार सम्भाल लें। मैंने खुद हाथ जोड़ कर इंकार किया.....

श्री उपाध्यक्षः आपको परमि ान देने का मतलब यह नहीं है कि जो मन में आये वही कहें।

श्री रघु यादवः अभी उप मुख्य मंत्री श्री बनारसी दास जी ने कहा कि रघु यादव को चौधरी देवी लाल ने एम0एल0ए0 बना कर गलती कर दी और दूसरी गलती न करें। मैं उपाध्यक्ष महोदय, बताना चाहता हूं कि अगर एम0एल0ए0 बना हूं तो जनता की बदौलत बना हूं। हमें किसी व्यक्ति ने एम0एल0ए0 नहीं बनाया है, हम हमारी कुर्बानी हमारी लाठी खाने, हमारे जेल जाने और हमार संघर्श की वजह से एम0एल0ए0 बने है। वह व्यक्ति खुद हमें.....मुख्य मंत्री बना है अगर उन्होंने हमे एम0एल0ए0 बनाया है तो हमने उनको मुख्य मंत्री बनाया है। (व्यवधान व भाोर)

श्री उपाध्यक्षः यह पायदान वगैरा भाब्द ऐक्सपंज कर दिया जाये।

श्री रघु यादवः डिप्टी स्पीकर साहब,.....

.....

Mr. Deputy Speaker: Mr. Yadav, please sit down. You are speaking without my permissions. This will not be recorded. (Interruptions)

श्री रघु यादवः डिप्टी स्पीकर साहब,.....

.....(व्यवधान व भाोर)

Mr. Deputy Speaker: Mr. Yadav, please sit down. You are speaking without my permission. This will not be recorded. (Interruptions)

श्री रघु यादवः डिप्टी स्पीकर साहब,.....

.....(व्यवधान व भाोर)

श्री उपाध्यक्षः यादव साहब, आप बैठ जाइये। इनकी अब कोई बात रिकार्ड नहीं होगी। आपके लिये यह अच्छा नहीं है। आप मेरे से बोलने की इजाजत लेते हो and then you cross your limits. This is not the way. You are not allowed to speak. Please sit down.

(2) उप मुख्य मंत्री, श्री बनारसी दास गुप्ता द्वारा–

